तापमान

अधिकतम 36.7 डिग्री

न्यूनतम 22.4 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 8 अप्रैल 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



नेहरू चौक से इंदिरा सेतु जाने वाली सड़क पर लगाए गए डिवाइडर से पार करते वाहन चालक।

## खबर संक्षेप

### गर्मी ने निकला पसीना उमस बरकरार

**बिलासपुर।** चक्रवाती हवाओं का असर बना हुआ है, इस दौरान दिन में तेज हवाएं चल रही है लेकिन दूसरी ओर आसमान से आग बरस रही है। यही कारण है कि गर्मी अपने तेवर दिखा रही है। मंगलवार को तापमान में 2 डिग्री की बढ़त देखी गई इस दौरान अधिकतम तापमान 36.7 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार उड़ीसा के आसपास 0.9 किमी की ऊंचाई पर चक्रवाती परिसंचरण बन चुका है। जिससे पश्चिम बंगाल, उड़ीसा से तेलंगाना, रायलसीमा और तमिलनाडु तक द्रोणिका का प्रभाव देखा जा रहा है। जिससे प्रदेश का मौसम बार-बार बदल रहा है। इस दौरान कुछ जगहों पर बादल गरजने और ओला गिरने की संभावना है। वहीं 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से बिजली गिर सकती है। मंगलवार को तापमान में 2 डिग्री की अचानक बढ़त रही, जिसके चलते गर्मी ने लोगों को हलाकान कर दिया। इस दौरान लोगों को गर्मी से निजात पाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी है।

### डीएवी में प्रवेश के लिए आवेदन 13 तक

**बिलासपुर।** जिले में संचालित 4 डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल देवरीखुर्द, गोढ़ी, वेदपरसदा, गोबरीपाट में केजी 1 में शिक्षा के अधिकार के तहत एवं शासन कोटा की रिक्त सीट पर प्रवेश दिया जा रहा है। आरटीई के तहत प्रवेश के लिए संबंधित नोडल अधिकारी के समक्ष एवं शासन कोटा अंतर्गत प्रवेश हेतु आवेदन पुराना कम्पोजिट बिल्डिंग बिलासपुर में स्थित कार्यालय समग्र शिक्षा, कक्ष क्रमांक 21 में 13 अप्रैल 2026 शाम 5 बजे तक जमा किये जा सकते है। शासन कोटा में गरीबी रेखा, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति, निःशक्तजन, निर्धन वर्ग, परित्यक्ता, मातृ-पितृहीन के छात्र-छात्रा आवेदन के लिए पात्र हैं।

### तिरुपति से रक्सौल स्पेशल लगाएगी सात फेरे

**बिलासपुर।** तिरुपति सल मार्ग की गाड़ियों में समर मौसम के दौरान होने वाली भीड़ को कम करने के लिए रेल प्रशासन ने समर स्पेशल ट्रेन की सुविधा सात फेरे के लिए देने का आदेश दिया है। यह स्पेशल ट्रेन तिरुपति से 07051 नम्बर के साथ सोमवार को 13, 20, 27 अप्रैल, 4, 11, 18, 25 मई को और रक्सौल से तिरुपति के लिए 07052 नम्बर के साथ प्रति गुरुवार को 16, 23, 30 अप्रैल, 7, 14, 21, 28 मई को रवाना की जाएगी। ट्रेन में तीन एसी टू, पांच एसी थ्री, 10 स्लीपर कोच, 6 सामान्य कोच सहित 23 कोच उपलब्ध रहेंगे। तिरुपति से ट्रेन 8.15 बजे रवाना होकर गोंदिया, रायपुर होते हुए बिलासपुर 14.25 बजे होकर झारसुगुड़ा, तीसरे दिन रक्सौल 17.00 बजे पहुंचेगी। इसी तरह रक्सौल से 3.15 बजे रवाना होकर बिलासपुर सुबह 4.40 बजे और तीसरे दिन तिरुपति 9.30 बजे पहुंच जाएगी।

# 60 करोड़ का कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट विवादों में, इनवायरोकेयर ने की एनजीटी में आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगरीय कचरे की सफाई की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल पर फिलहाल ब्रेक सी लग गई है। कछार में लगने वाले कंप्रेस्ड बायो गैस प्लांट की स्थापना के खिलाफ इनवायरोकेयर कंपनी ने एनजीटी में अपील कर दी है। इनवायरोकेयर का प्लांट भी कछार में है। बायोमेडिकल वेस्ट के डिस्पोजल के लिए इनवायरोकेयर इंटरनेशनल कंपनी को ठेका दिया गया है। नगर निगम ने इनवायरोकेयर को 45 हजार वर्गफुट भूमि कछार में आवंटित की है। इस कंपनी का कहना है कि बायोमेडिकल वेस्ट के निबटान के लिए बनाए गए नियम 1998 के अनुसार इंसीनरेटर के 500 मीटर के दायरे में दूसरा कोई प्लांट नहीं लगना चाहिए लेकिन नगर निगम ने बीपीसीएल को प्लांट लगाने की अनुमति दी है जो कि गलत है। एनजीटी में इस मामले की सुनवाई 13 अप्रैल को होनी है।

- 500 मीटर के दायरे में दूसरा कोई प्लांट नहीं लगना चाहिए, इसी आधार पर अपील

कछार स्थित ट्रेचिंग ग्राउंड में इनवायोकेयर इंटरनेशनल कंपनी को बायोमेडिकल वेस्ट के डिस्पोजल के लिए ठेका दिया गया है। कंपनी का कहना है कि केंद्रीय पर्यावरण संरक्षण के नियमों में ऐसा प्रावधान प्रदूषण के मद्देनजर किया गया है, क्योंकि जमा होने वाले बायोमेडिकल वेस्ट से टीबी तथा अन्य रोगों के संक्रमण का खतरा रहता है। जमीन की कमी के चलते अधिनियम में 2016 में संशोधन कर एक किलोमीटर की जगह 500 मीटर की दूरी निर्धारित की गई। इनवायोकेयर का कहना है कि कंपनी ने जब प्लांट स्थापित किया तब नगर निगम ने पास पड़ोस में काबिज झुग्गी झोपड़ियों को हटवाने का आश्वासन दिया था,परंतु अब तक उस पर अमल नहीं किया गया और अब दूसरी कंपनी के प्लांट को ही बगल में स्थापित किया जा रहा है जो कि गलत है।

अलग खबर

### इसी तरह का लगेगा प्लांट



### 60 करोड़ का निवेश करेगी बीपीसीएल

इधर नगर निगम का कहना है कि कंप्रेस्ड बायो गैस प्लांट की स्थापना से शहर के साथ जिले में गैस की किल्लत नहीं होगी। गैस से गाड़ी चलेगी तो खाना भी पकाया जा सकेगा। अपर आयुक्त खचांजी कुम्हार के मुताबिक इनवायोकेयर ने हाईकोर्ट में भी याचिका लगाई थी जहां से उसे राहत नहीं मिली है। योजना के तहत भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) अकेले बिलासपुर में 60 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। कंपनी को नगर निगम द्वारा कछार क्षेत्र में 10 एकड़ जमीन दी गई है जिसके लिए कंपनी प्रतिवर्ष 27 लाख रुपए का किराया देगी।

### प्रतिदिन 70 मीट्रिक टन बायो गैस का उत्पादन

योजना के तहत बिलासपुर नगर निगम प्रतिदिन 150 टन गीला कचरा बीपीसीएल को उपलब्ध कराएगा, जिससे 8 से 10 टन कंप्रेस्ड बायोगैस का उत्पादन किया जाएगा। निगम के मुताबिक प्रतिदिन 70 मीट्रिक टन बायो गैस का उत्पादन और इससे जैविक खेती को प्रोत्साहन मिलेगा। अधिकारियों के मुताबिक ग्रीन हाउस गैस के उत्सर्जन में कमी और पर्यावरण भी स्वच्छ होगा। इसके लिए गैस अथॉरिटी आफ इंडिया लिमिटेड (गेल) भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और छत्तीसगढ़ बायो फ्यूल विकास प्राधिकरण (सीबीडीए) के बीच मध्य त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर भी किया गया।

### कछार में 10 एकड़ जमीन में बनेगा प्लांट

निगम के मुताबिक बिलासपुर में कंप्रेस्ड बायोगैस संयंत्र की स्थापना कछार में 10 एकड़ जमीन पर किया जाएगा। यहां नगर निगम द्वारा पूर्व से ही आरडीएफ प्लांट स्थापित किया गया है। इस भूमि पर संयंत्र स्थापित किए जाने हेतु पूर्व में भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड / गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड और छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल डेवलपमेंट ऑथोरिटी (सीबीडीए) के अधिकारियों द्वारा प्राथमिक सर्वे किया गया है। कंप्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी) से प्रतिदिन 70 मीट्रिक टन का बायोगैस का उत्पादन होगा। इसके लिए प्रतिदिन 350 मीट्रिक टन नगरीय ठोस अपशिष्ट और लगभग 500 मीट्रिक टन अधिशेष बायोमास का उपयोग सीबीजी उत्पादन के लिए किया जाएगा।

### यह है कम्प्रेस्ड बायो गैस

कम्प्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी), एनारोबिक सड़व की प्रक्रिया के माध्यम से अपशिष्ट जैसे कृषि अवशेष, मवेशी गोबर, गन्ना निचोड़ से प्राप्त अवशेष, नगरपालिका ठोस अपशिष्ट, सीवेज उपचार संयंत्र अपशिष्ट आदि से बनाई जाती है। शुद्धिकरण के बाद इसे संपीड़ित किया जाता है। इसे कम्प्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी) कहा जाता है, जिसमें मीथेन की उच्च मात्र होती है। इसके अलावा, कम्प्रेस्ड बायो गैस उपलब्ध प्राकृतिक गैस के समान है जो सीएनजी के समान वैकल्पिक मोटर वाहन ईंधन को रूप में उपयोग किया जा सकता है। देश में बायोगैस की खपत को देखते हुए सीबीजी आने वाले सालों में ऑटोमोबाइल, औद्योगिक और वाणिज्यिक उपयोगों में सीएनजी का स्थान लेने की क्षमता रखती है।

### जल्द ही वर्क आर्डर करेंगे

कंप्रेस्ड बायो गैस प्लांट की स्थापना से शहर के साथ जिले में गैस की किल्लत नहीं होगी। गैस से गाड़ी चलेगी तो खाना भी पकाया जा सकेगा।इनवायोकेयर ने हाईकोर्ट में भी याचिका लगाई थी जहां से उसे राहत नहीं मिली है। जल्द ही वर्क आर्डर जारी होगा।

- **खचांजी कुम्हार**, अपर आयुक्त

## विकसित एयरपोर्ट के लिए इंतजार : 6 साल बाद भी अब तक उपेक्षित

# जमीन मिली लेकिन ट्रर्मिनल बिल्डिंग रन-वे विस्तार अब तक कागजों में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय स्तर के एयरपोर्ट के रूप में तैयार करने महज जमीन ही मिल सकी है, लेकिन ट्रमिर्नल बिल्डिंग, 31 सौ मीटर रन वे अत्याधुनिक सुरक्षा उपकरण, अग्निशमन सुविधा और एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम के साथ 4 सी एयरपोर्ट बनाने 500 करोड़ की राशि की आवश्यकता है लेकिन इसे लेकर प्रशासनिक गतिविधियां पूरी तरह से सुस्त है। ऐसे में सर्वसुविधा युक्त एयरपोर्ट बनने में अभी सालों का इंतजार करना पड़ सकता है।

चकरभाठा स्थित बिलासा एयरपोर्ट को 3 सी वीएफआर से 3 सी आईएफआर करने में ही प्रशासन को 4 साल लग गए। सोमवार 6 अप्रैल को सेना के कब्जे की 290.8 एकड़ जमीन औपाचरिक तौर पर मिल चुकी है, जिसके बाद एयरपोर्ट के कब्जे में 646.8 एकड़ जमीन है। बताया जा रहा है कि इससे एयरपोर्ट विस्तार और 4सी श्रेणी उन्नयन किया जाएगा लेकिन प्रदेश में ट्रीपल इंजन की सरकार होने के बाद भी बिलासा एयरपोर्ट को लेकर की जा रही कवायद की चाल काफी सुस्त है। दरअसल 2 साल पहले 400 क्षमता के साथ ट्रमिर्नल बिल्डिंग बनाने के लिए भेजा गया है प्रस्ताव अब तक कागजों से बाहर नहीं आ सका है।

हालत यह है कि इसे लेकर ना तो पीडब्ल्यूडी के अधिकारियो को जानकारी है और ना ही एयरपोर्ट प्रबंधन को इसकी कोई सूचना मिली है। ऐसे में सर्वसुविधा युक्त एयरपोर्ट बनाने का दाव खोखला दिखाई देता है। सबसे बड़ी बात यह है कि 2021 से अब तक 100 करोड़ की राशि एयरपोर्ट पर फूंकी जा चुकी है, लेकिन इसके बावजूद हवाई सुविधा के नाम पर करीब 4 सालों तक एक फ्लाइट के भरोसे परिचालन हो सका है। जमीन मिलने से एयरपोर्ट विकसित होने की आस शहरवासियों को है लेकिन प्रशासनिक उदासीनता और पीडब्ल्यूडी के भरोसे यह सपना पूरा होना बड़ी चुनौती साबित होगा।

### देश के ज्यादातर एयरपोर्ट को एयरपोर्ट अथारिटी ऑफ इंडिया ही करती है विकसित



### 45 एयरपोर्ट दिल्ली-मुंबई से जुड़े

देश के 10 बड़े राज्यों में 45 एयरपोर्ट हैं, जो सीधे दिल्ली-मुंबई से जुड़े हुए हैं। छत्तीसगढ़ में बिलासपुर प्रदेश का दूसरा सबसे बड़ा शहर है लेकिन सिर्फ रायपुर से ही दिल्ली- मुंबई के लिए फ्लाइट चल रही है, जबकि बिलासपुर से दिल्ली की फ्लाइट वाया होकर चलती है, वहीं कोलकाता की फ्लाइट हफ्ते में 1 दिन ही मौजूद है।

### हाल ही में किए गए है 150 करोड़ के प्रावधान

एयरपोर्ट में आधुनिक टर्मिनल भवन, अत्याधुनिक सुरक्षा उपकरण, अग्निशमन सुविधा और एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम को मजबूत करने के लिए करोड़ों रुपए की आवश्यकता है। समग्र विकास के लिए करीब 500 करोड़ रुपए की जरूरत है। फिलहाल बजट में कोई प्रावधान नहीं किया गया है लेकिन सीएम साय ने अनुपूरक बजट में एयरपोर्ट के लिए 150 करोड़ रुपए बजट की घोषणा की है।

### एएआई के पास है ज्यादा एयरपोर्ट का जिम्मा

मुंबई का जीवीके, जयपुर का अदानी, नागपुर का मिहान इंडिया लिमिटेड और शिरडी का एमएडीसी को छोड़कर अधिकांश एयरपोर्ट की देखरेख समेत निर्माण की जिम्मेदारी एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के पास है। छत्तीसगढ़ में भी रायपुर एयरपोर्ट का संचालन एएआई ही करता है, जबकि जगदलपुर और बिलासपुर एयरपोर्ट का संचालन का जिम्मा राज्य सरकार के जिम्मे है। वहीं कुछ जगहों पर इंडियन एयरफोर्स और एएआई संयुक्त रूप से एयरपोर्ट का संचालन करते है।

### पीडब्ल्यूडी ही बनती है निर्माण एजेंसी

बिलासपुर बिलासा देवी एयरपोर्ट से नियमित हवाई सेवा की शुरुआत 1 मार्च 2021 में की गई। इसके बाद हर साल करोड़ों रूपए उन्न्यन में बहाए गए है। इस दौरान निर्माणकारी एजेंसी महज पीडब्ल्यूडी ही रही है जबकि हर बार डीजीसीए द्वारा पीडब्ल्यूडी के निर्माण कार्य में गलती निकाली गई है। एयरपोर्ट बनाने के लिए पीडब्ल्यूडी के पास मशीनरी और क्षमताओं की कमी शुरू से रही है, ऐसे में डीजीसीए और एएआई के भरोसे पीडब्ल्यूडी के अधिकारी रहते है, स्वीकृति मिलने में ही महीनों का समय लगता है। दरअसल बिलासा एयरपोर्ट राज्य सरकार के स्वामित्व में है, ऐसे में पीडब्ल्यूडी को ही निर्माण कार्य करना होगा। जबकि अन्य प्रदेशों में महज दो सालों के अंदर एएआई ने सर्वसुविधायुक्त बना चुका है। लोक निर्माण विभाग ने एयरपोर्ट पर वीएफआर से आईएफआर अपग्रेडेशन के लिए 10.35 करोड़, टर्मिनल बिल्डिंग रिनोवेशन पर 1.92 करोड़, नाइट लैंडिंग व्यवस्था के लिए 10 करोड़, एक्सटेंशन पर 1.90 करोड़, डीवीओआर सिविल वर्क पर 1.90 करोड़ और बाउंड्री वॉल निर्माण के लिए 1.35 करोड़ खर्च कर चुका है। इसके अलावा फेसिंग कार्य पर 6 करोड़ और डीवीओआर सिस्टम के लिए 77 लाख रुपए खर्च किए गए हैं।

### एयरपोर्ट प्रबंधन की ओर से भेजा गया प्रस्ताव

जमीन की समस्या पहले से ही थी, अब जाकर जमीन मिली है, इसलिए विस्तार नहीं हो सका है। हमने पहले भी ट्रर्मिनल बिल्डिंग और रनवे विस्तार के लिए प्रस्ताव भेजा था, डीजीसीए को प्रस्ताव एयरपोर्ट प्रबंधन की ओर से भेजा गया है। इस बारे में हम कुछ नहीं कह पाएंगें। फिलहाल जिसकी स्वीकृति मिली है उनके निर्माण कार्य कराए जा रहे है, जिसमें बाउंड्रीवाल और रनवे की चौड़ाई और लंबाई शामिल है।

- **आरके रात्रे**, सीई, पीडब्ल्यूडी

### अब कुछ भी कह पाना सही नहीं

बिलासा एयरपोर्ट राज्य सरकार के पास है, स्वाभाविक है कि इसका निर्माण कार्य पीडब्ल्यूडी के पास ही होगा। जमीन मिल चुकी है, आगे की प्रकिया अपने हिसाब से जारी रहती है, अब कुछ भी कह पाना सही नहीं है।

- **संजय अग्रवाल**, कलेक्टर

### निर्माण कार्य पीडब्ल्यूडी को ही करना होगा

पीडब्ल्यूडी रनवे और बाउंड्रीवाल का काम कर रहा है, यह पहले सही प्रस्तावित है और इसका फंड भी दिया गया है। नया ट्रर्मिनल और 4सी एयरपोर्ट के लिए जमीन मिलने के बाद ही काम होना है। निर्माण कार्य पीडब्ल्यूडी को ही करना होगा।

- **बीएन सिंह**, डायरेक्टर बिलासा एयरपोर्ट

# सेंट्रल विवि करेगा नया प्रयोग पर्यवेक्षक के बिना होगी परीक्षा

अंजनी तिवारी ⏭ बिलासपुर



- परीक्षा हाल में केवल होंगे परीक्षार्थी शिक्षक नहीं
- एग्जाम में नवाचार लाने गाइड लाइन तैयार

छोटे-छोटे से एग्जाम से लेकर कोई भी बड़ा एग्जाम भी बिना इन्विजीलेटर्स, पर्यवेक्षक के नहीं होता। लेकिन गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी नया प्रयोग करने जा रही है। यूनिवर्सिटी एग्जाम में नवाचार तहत बिना इन्विजीलेटर्स के एग्जाम आयोजित करेगी। इन्विजीलेटर्स के बिना एग्जाम के संबंध में यूनिवर्सिटी ने गाइड लाइन भी तैयार किया है।

स्कूल शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा या कोई प्रतियोगी परीक्षा एवं नौकरी के लिए कोई रिटर्न एग्जाम हो किसी में भी ऐसा देखने व सुनने में नहीं आया है कि बिना इन्विजीलेटर्स, पर्यवेक्षक के कोई परीक्षा हुआ हो। सभी परीक्षा में परीक्षा हाल में परीक्षार्थी परीक्षा दिलाते हैं और उन पर जिन शिक्षकों इन्विजीलेटर्स की डयूटी लगी रहती है वे मानिटरिंग करते हैं। परीक्षार्थियों को प्रश्न पत्र व उत्तरपुस्तिका देना, अतिरिक्त उत्तरपुस्तिका देना और किसी तरह परीक्षार्थी को परीक्षा हाल में असुविधा हो रही हो उसका समाधान भी उनके द्वारा किया जाता है। यहां तक परीक्षार्थियों की उपस्थिति भी इन्विजीलेटर्स द्वारा लिया जाता है और उपस्थिति पत्रक के फोटो से यह मिलान किया जाता है कि संबंधित परीक्षार्थी वहीं छात्र या छात्रा है कि नहीं। इन सबसे अलग हटकर गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी अपने यहां नया प्रयोग करने का निर्णय ली है और यह निर्णय एग्जाम में नवाचार के लिए लिया गया है जिसमें बिना इन्विजीलेटर्स के यूनिवर्सिटी में परीक्षा होगी और परीक्षा हाल में केवल परीक्षार्थी रहेंगे, वहां किसी शिक्षक इन्विजीलेटर्स की ड्यूटी नहीं लगाई जाएगी।

खास खबर

### इंटर्नल एग्जाम से शुरू होगा नया प्रयोग

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में प्रारंभिक चरण में संबंधित डीन द्वारा तय किए जाने पर सर्टीफिकेट, डिप्लोमा, यूजी-पीजी, पीएचडी स्तर पर इंटर्नल एग्जाम आयोजित किए जाएंगे। अगले चरण में स्नातकोत्तर छात्रों और प्री-पीएचडी पाठयक्रम परीक्षाओं के लिए अंत-सेमेस्टर परीक्षाएं और एटीकेटी परीक्षा इस सिस्टम के अंतर्गत आयोजित किए जाएंगे। इस सिस्टम अंतर्गत प्रश्न पत्र का स्वरूप बहुत संक्षिप्त प्रकार, लघु प्रकार और दीर्घ उत्तरीय होगा, किन्तु बहुविकल्पीय प्रश्न और रिक्त स्थान भरने वाले प्रश्न नहीं पूछे जाएंगे।

### नवाचार लाया जा रहा

सेंट्रल यूनिवर्सिटी में परीक्षा में नवाचार लाया जा रहा है और बिना इन्विजीलेटर्स पर्यवेक्षक के परीक्षा आयोजित किया जाएगा। इसके लिए पहले यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राओं को जानकारी देकर नैतिक व आचरण संबंधी मूल्यों को बढ़ावा देने जागरूक किया जाएगा। नए परीक्षा सिस्टम के संबंध में एकेडमिक कौसिंल के स्टेडिंग कमेटी में निर्णय भी लिया गया है।

- **प्रो. मनीष श्रीवास्तव** मीडिया प्रभारी, सेंट्रल यूनिवर्सिटी

### नए एग्जाम सिस्टम की गाइड लाइन

यूनिवर्सिटी के डीन, विभागाध्यक्ष यूनिवर्सिटी के छात्रों में नैतिक और आचरण संबंधी मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए इन्विजीलेटर्स के बिना परीक्षा की इस नए सिस्टम के बारे में छात्र-छात्राओं को जागरूक करेंगे। इन्विजीलेटर्स बिना परीक्षा शुरू करने से पहले छात्रों को परीक्षा हाल में परीक्षा की इस पद्धति के बारे में संक्षिप्त जानकारी दिया जाएगा। यूनिवर्सिटी में इस सिस्टम तहत परीक्षा आयोजित करने के लिए सामान्य शर्तें वहीं रहेंगे जो इन्विजीलेटर्स वाली वर्तमान परीक्षा प्रणाली में प्रचलित है। परीक्षा कक्ष में प्रवेश करने से पहले परीक्षा प्रभारी को सभी छात्रों का उपस्थिति दर्ज करनी होगी और छात्रों को परीक्षा शुरू होने के समय से 15 मिनट पहले परीक्षा कक्ष में प्रवेश करने की अनुमति दी जाएगी। परीक्षा प्रभारी शुरू होने पर उत्तरपुस्तिकाएं और प्रश्न पत्र वितरित करेंगे और आवश्यक निर्देश देकर बाहर चले जाएंगे। परीक्षा समाप्त होने पर संकाय प्रभारी उत्तरपुस्तिका एकत्रित करेंगे। यदि छात्रों को पानी पीने या शौचालय जाने के लिए हॉल से बाहर जाना पड़े तो उन्हें अनुमति दी जाएगी। हांलाकि इस दौरान उन्हें अपनी उत्तरपुस्तिका व प्रश्न पत्र मेज पर जमा करना होगा।

## ट्रांसफार्मर में ट्रीपिंग आई और एक फेस बंद हो गया

# मेंटनेंस के नाम पर 5 घंटे बिजली बंद, उबले उपभोक्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

फीडर और ट्रांसफार्मर मरम्मत के साथ ही पेड़ों की कटिंग, ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने और लाइनों को दुरूस्त करने बिजली विभाग मेंटनेंस कर रहा है। बकायदा शेड्यूल के तहत 10 से 3 बजे तक सप्लाई बाधित की जा रही है, लेकिन मंगलवार को करबला क्षेत्र में 5 घंटे तक बिजली बंद रही इस दौरान उपभोक्ता खासे परेशान रहे हालांकि अधिकारियों को सूचित करने पर बिजली सप्लाई नार्मल की गई।

बताया जा रहा है कि मंगलवार को लिंक रोड और बसंत विहार फीडर के तहत मरम्मत और निर्माण कार्य किया गया। पुराना बसस्टैंड, करबला रोड, कश्यप कालोनी, जूना बिलासपुर, जवाली नाला के आसपास बिजली बंद रही, इस दौरान सुबह 10 बजे से बिजली बंद रही, लेकिन 3 बजे सप्लाई शुरू करने के बाद भी करबला रोड, लाइफ केयर हास्पिटल के पास बिजली शुरू नहीं हो सकी। बताया जा रहा है कि शेड्यूल खत्म होने के बाद शुरू की गई बिजली से ट्रांसफार्मर में ट्रीपिंग आई और एक फेस बंद हो गया लेकिन इसकी जानकारी बिजली कर्मचारियों को नहीं हो सकी। उपभोक्ताओं ने एई रवि ध्रुव को बंद की जानकारी दी, जिसके बाद शाम 4.45 तक बिजली सप्लाई नार्मल हो सकी।

इसी तरह ट्रांसफार्मर बदलने के लिए गोल बाजार फीडर बंद रहा, दोपहर 12 बजे से बंद बिजली 3.30 बजे तक शुरू हो सकी, इस दौरान गर्मी अधिक होने के कारण उपभोक्ताओं का हाल बेहाल हो गया।



### आज यहां रहेगी बिजली बंद

बिजली विभाग द्वारा मेंटनेंस के लिए बुधवार को सिरगिट्टी , बसंत विहार, तोरवा में बिजली सप्लाई बंद की जाएगी। इस दौरान 10 से 3 बजे तक सप्लाई ठप रहेगी। बताया जा रहा है कि सिरगिट्टी क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्रों, बसंत विहार के आसपास जैसे साइंस काले, सब्जी विहार, चांटीडही, अशोक नगर, सोनगंगा कालोनी, विजयापुरम, रामा रेसीडेंसी, तोरवा, सिरगिट्टी औद्योगिक क्षेत्र बी जैसे क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी।

### शाम ढलते ही ट्रांसफार्मर में लगी आग

जहां एक ओर बिजली विभाग मेंटनेंस कर रहा है, वहीं ट्रांसफार्मर में लोड बढ़ने की वजह से लगातार समस्या भी आ रही है। गोल बाजार में खराब ट्रांसफार्मर मंगलवार को बदला गया, वहीं तारबहार घोड़ादाना स्कूल के पास शाम ढलते ही ट्रांसफार्मर में आ लग गई। इस दौरान धूं धू कर ट्रांसफार्मर जलने लगा, और पूरे क्षेत्र की बिजली बंद होगी। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना बिजली विभाग को दी लेकिन इसे बनाने में ही 3 घंटें का समय लग गया। इस दौरान शाम ढलते ही आसपास के क्षेत्रों में अंधेरा छा गया।

WE ARE HIRING

Job Opening
CIRCULATION ASSISTANT MANAGER

Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post
Location : Raipur City
We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.

Qualifications :
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years

Responsibilities :
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records

How to Apply
Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com
Last Date to Apply : 10 April 2026

हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

## खबर संक्षेप

### श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात करने की आवश्यकता



**दगोरी**। रामचरित मानस से चरित्र निर्माण की प्रेरणा मिलती है। प्रभु श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात करने की आवश्यकता है। माता-पिता से आशीर्वाद लेने तथा समर्पण, सेवा, भक्ति से ही राम राज्य का निर्माण होगा। रामचरित मानस से सर्वांगीण विकास होता है। उक्त बातें ग्राम दगोरी में आयोजित अखंड नवधा रामायण समारोह में उपस्थित पूर्व मंडी अध्यक्ष राजेंद्र शुक्ला ने कही। उन्होंने सभी से प्रभु श्रीराम के आदर्शों को अपनाने की बात कही। इस दौरान समिति की ओर से श्रवण कौशिक ने श्रीफल देकर श्री शुक्ला को सम्मानित किया। इस अवसर पर रामायण समिति संरक्षक, पदाधिकारी, सहयोगी ग्रामवासी, सहित महिलाएं, बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### हर्षोल्लास के साथ मना भाजपा का स्थापना दिवस



**सेतगंगा-मुंगेली**। सेतगंगा में भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर भाजपा के स्थापना दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला और संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया तथा पार्टी के सिद्धांतों और उपलब्धियों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष इंजीनियर अंचना बंजारा, उमेद बंजारा, जय देवांगन, राजेश गुप्ता, रज्जू श्रीवास, रामकुमार गवेल एवं रायसिंह गवेल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रहित में कार्य करने और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

### एबीवीपी ने फूंका नक्सलवाद का पुतला, किया प्रदर्शन



**मुंगेली**। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मुंगेली इकाई ने मंगलवार को प्रदेश मंत्री के आह्वान पर नक्सलवाद के विरोध में प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने बालानी चौक से पड़ाव चौक तक शव यात्रा निकालकर विरोध दर्ज कराया, जिसमें बड़ी संख्या में युवा एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। पड़ाव चौक पहुंचकर नक्सलवाद का पुतला दहन किया गया तथा कार्यकर्ताओं ने कहा कि नक्सलवाद देश की एकता और विकास के लिए गंभीर चुनौती है, जिसके खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाना आवश्यक है। एबीवीपी ने इस के माध्यम से युवा वर्ग राष्ट्रहित में सदैव तत्पर है और देश विरोधी गतिविधियों का पुरजोर विरोध करते रहेंगे।

### ढनढन में कांग्रेस की बैठक कार्यकारिणी का गठन



**तखतपुर**। संगठन सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को ग्राम पंचायत ढनढन में बूथ एवं पंचायत अध्यक्षों की कार्यकारिणी के गठन हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। बैठक में ग्राम पंचायत के कांग्रेसियों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही। बैठक के दौरान संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई तथा सर्वसम्मति से ग्राम पंचायत अध्यक्ष एवं बूथ अध्यक्षों की कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अभ्युदय तिवारी, जिला उपाध्यक्ष शिव बालक कौशिक सहित ग्राम के वरिष्ठ एवं सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर राम प्रसाद कर्ष, रमेश कुमार जगत, अनुराग कौशिक, घनाराम यादव, अशोक मरावी, टीकमचंद कौशिक, दुर्गेश मरावी, उत्तम कौशिक, जयचंद कौशिक, लक्ष्मी राम कर्ष, परसराम साहू, जितेंद्र कौशिक, गऊ लोचन सोनवानी, रजनीश खांडे, सोहन दास घृतलहरे, रमाकांत साहू, भगत दिनकर राम बंजारे सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### युवती के साथ गाली-गालौज मारपीट, जुर्म दर्ज

**तखतपुर**। घर के सामने दुपहिया वाहन से गिरे युवक को देखने गई युवती के साथ गाली-गालौज व मारपीट कर दी गई। पुलिस ने आरोपिओं के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ढनढन निवासी कदम महोदवा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि, 5 अप्रैल को उसके घर के पास एक बाइक सवार गिर गया। इस पर उसने घर से बाहर निकल कर देखा। इसी दौरान आरोपी सुमित्रा बाई बघेल और देवेंद्र बघेल ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। शिकायत पर पुलिस ने धारा 115,2 296, 3,5 351,3 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

## उपकरणों के अभाव में दांत-आंख की सेवाएं ठप, पोस्टमार्टम बंद

# अव्यवस्थाओं का अड्डा बना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, डॉक्टर-एम्बुलेंस गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ जरहागांव

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जरहागांव की हालत लगातार बदतर होती जा रही है। स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर यहां अव्यवस्थाओं का अंबार लगा हुआ है। डॉक्टर्स और एम्बुलेंस की भारी कमी के चलते यह अस्पताल अब इलाज का केंद्र के बजाए रेफरल सेंटर बनकर रह गया है। स्थिति इतनी गंभीर है कि, अधिकांश मरीजों को प्राथमिक उपचार के बाद सीधे जिला अस्पताल भेज दिया जाता है। अस्पताल में ओपीडी के लिए केवल एक एमबीबीएस डॉक्टर पदस्थ है, जो नियमित रूप से उपलब्ध नहीं रहता, जिससे मरीजों को घंटों तक इंतजार करना पड़ता है। शाम 5 बजे के बाद अस्पताल परिसर में सन्नाटा छा जाता है, और रात्रिकालीन सेवा के लिए कोई डॉक्टर मौजूद नहीं रहता, जिससे गंभीर मरीजों की जान जोखिम में पड़ जाती है।

स्वास्थ्य केंद्र में डेंटल और नेत्र विभाग केवल नाम मात्र के लिए संचालित हैं। संसाधनों और विशेषज्ञों के अभाव में ये सेवाएं पूरी तरह ठप पड़ी हुई हैं। इसके अलावा एक्स-रे मशीन, लैब सुविधा, वार्ड बेड और अन्य आवश्यक उपकरणों की कमी के कारण मरीजों को समुचित इलाज नहीं मिल पाता। मजबूरी में ग्रामीणों को निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे उन पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। आपातकालीन स्थिति में जब कोई गंभीर मरीज अस्पताल पहुंचता है, तो एम्बुलेंस और पर्याप्त चिकित्सकीय स्टाफ के अभाव में उसे प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया जाता है। इससे समय पर इलाज नहीं मिल पाने के कारण कई बार मरीजों की हालत और बिगड़ जाती है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि, अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए अलग कक्ष उपलब्ध होने के बावजूद यह सुविधा आज तक शुरू नहीं हो सकी है।

### संसाधनों और विशेषज्ञों के अभाव में सेवाएं ठप



### प्रशासन की ओर नहीं उठाए गए ठोस कदम

स्थानीय नगर अध्यक्ष रुपाली वेद प्रकाश कश्यप ने बताया कि, डॉक्टरों की कमी और अव्यवस्थाओं को लेकर कई बार स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। उन्होंने कहा कि, रात्रिकालीन डॉक्टर की अनुपलब्धता के कारण मरीजों की समस्याएं और बढ़ जाती हैं।





### स्वास्थ्य केंद्र के लिए बनेगा नया भवन

इसी बीच स्वास्थ्य केंद्र के नए भवन को लेकर भी चर्चा तेज हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए 3 से 5 एकड़ भूमि एवं पर्याप्त सुविधाओं की आवश्यकता को देखते हुए कलेक्टर के निर्देश एवं जनप्रतिनिधियों की सहमति से नया भवन ग्राम पंचायत छतौना में बनाए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ किए जाने की बात सामने आ रही है। हालांकि इस संबंध में आधिकारिक पुष्टि का इंतजार किया जा रहा है।

### लोगों में नाराजगी

नगरवासियों का कहना है कि, सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन जरहागांव की जमीनी हकीकत इन दावों की पोल खोल रही है। वर्षों से स्थिति जस की तस बनी हुई है, जिससे लोगों का भरोसा सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था से उठता जा रहा है।

**शीघ्र होगी डॉक्टर्स की व्यवस्था**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक डॉक्टर होने के कारण स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। डॉक्टर्स की व्यवस्था करने के प्रयास किए जा रहे हैं, शीघ्र ही बंदोबस्त हो जाएगा। रही बात अस्पताल भवन निर्माण की, तो ग्राम पंचायत छतौना में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण हेतु भूमि चिन्हांकित कर ली गई है।

- डॉ शीला शाह, सीएमएचओ मुंगेली



# मेडिकल टीम का निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल रायपुर एवं मेडिकल टीम लोरमी के संयुक्त तत्वावधान में गुरुद्वारा लोरमी में मंगलवार को सुबह 11 बजे से 3 बजे तक निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।

- 100 मरीजों की जांच व उपचार कर दी गईं दवाइयां

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोरमी एसडीएम अजीत पुजारी रहे एवं अध्यक्षता ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ जीएस दाऊ ने की। शिविर में 100 मरीजों की जांच व उपचार कर दवाइयां व परामर्श दिया गया। शिविर में स्पेशल गेस्ट रामकृष्ण केयर रायपुर के डॉ संतोष चावला रहे। लोरमी एसडीएम अजीत पुजारी ने आयोजक मेडिकल टीम के प्रयास को सराहा और प्रशासनिक सहयोग करने की बात कही। डॉ जीएस दाउ ने डब्ल्यूएचओ और डब्ल्यूएचडी के इतिहास पर प्रकाश डाला, और आयोजन के लिए टीम को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष, डॉ अशोक जायसवाल, फौजी वीरेंद्र सिंह, फौजी अयोध्या सिंह, श्याम सिंह राजपूत को मेडिकल टीम की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अभिलाष जायसवाल ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मेडिकल टीम के अध्यक्ष मिंटू छाबड़ा, सचिव मुकेश कश्यप, डॉक्टर जीवन साहू, अवधेश प्रताप राजपूत, रोशन राजपूत, डॉक्टर राम साहू, राजेन्द्र साहू, दीपक साहू, तीरित साहू, पंकज ठाकुर, हरीश देवांगन, जितेन्द्र राजपूत, साहू मल्टीसिटी हास्पिटल का सहयोग रहा।

# जमुनाही में नौ दिवसीय पंच कुंडीय श्रीरुद्र महायज्ञ



हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

नौ दिवसीय पंच कुंडीय श्रीरुद्र महायज्ञ एवं हरिभजन सत्संग समारोह का आयोजन कुटीघाट जमुनाही में 4 से 12 मार्च तक किया जा रहा है।

इस यज्ञ में महंत रामानंद महराज, महंत अर्जुन गिरी, कमलेश पुरी सहित 5 नागा बाबा महंत हाथीपुरी, महंत सूरज भारती, महंत बंगाली बाबा, महंत करण गिरी, महंत नारायण पूरी भी शामिल हैं। इनके द्वारा यज्ञ में विधि विधान से आहुति पूजन-हवन किया जा रहा है। कार्यक्रम के प्रथम दिवस दस विधि स्नान, गौदान, जल यात्रा, पंचांग पूजन, मंडप पूजन, द्वितीय दिवस वेदियों की रचना, देवताओं का आह्वान पूजन, अरणी मंथन अग्नि स्थापना, आहुति की गई। 12 मार्च को पूजन-हवन चढ़ोत्तरी, पूर्णाहुति, कपिला तर्पण, सहस्त्र धारा, अमृत स्नान एवं ब्राह्मण भोज किया जाएगा।

यज्ञ को सफल बनाने महंत हरिशंकर दास, सरपंच चंद्र मणि साहू, उप सरपंच रामनाथ साहू, पंडित योगेश दुबे, मनोज पांडेय, शिवम शर्मा, प्रणव दुबे, श्रेयश शर्मा, अतुल शर्मा, राम धुन साहू आदि जुटे हुए हैं।

# कोर्ट परिसर में लगा विधिक जागरूकता शिविर




**मुंगेली**। जिला मुख्यालय मुंगेली में विधिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला न्यायालय परिसर में विधिक जागरूकता शिविर एवं रैली का आयोजन किया गया। यह आयोजन सालसा 'प्लान ऑफ एक्शन' के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश गिरिजा देवी मेरावी के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर न्यायालय के विभिन्न न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता, पैरालीगल वालिंटियर्स व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कंचन लता आचला ने मिशन अस्पताल मुंगेली के नर्सिंग छात्र-छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए तनावमुक्त जीवन जीने के उपाय बताए। उन्होंने नियमित स्वास्थ्य परीक्षण जैसे बीपी, शुगर जांच एवं समय-समय पर मेडिकल चेकअप कराने की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया। वहीं जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों डॉ संजय ओबेरॉय, डॉ तुलेस कुमार, डॉ जित्तू साहू एवं परामर्शदाता दिलीप कुमार बसंत ने अनियमित जीवनशैली और कार्य के दबाव के कारण बढ़ते मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि, वर्तमान समय में मानसिक तनाव एक बड़ी चुनौती बनकर उभर रहा है, जिससे बचाव के लिए नियमित योग, ध्यान एवं व्यायाम अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के अंतर्गत विधिक जागरूकता रैली भी निकाली गई, जिसके माध्यम से आमजन को स्वास्थ्य एवं विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। रैली में शामिल प्रतिभागियों ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नियमित जांच कराने का संदेश दिया।

### मां से बात करने पर पत्नि के साथ गाली-गलौज, मारपीट

**तखतपुर**। फोन पर बात करने को लेकर पति ने पत्नि के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। ने आरोपी पति के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार लिम्हा निवासी पिंकी प्रजापति ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, उसका पति शराब पीकर आए दिन उसके साथ गाली-गलौज व मारपीट करता है, साथ ही उसके बच्वें को अपना बच्चा नहीं मानता है। इसी बात को लेकर अक्सर वाद-विवाद की स्थिति निर्मित होती रहती है। इसी क्रम में 5 अप्रैल सुबह 7 बजे उसका पति राजेश प्रजापति ने अपनी मां से फोन पर बातचीत करती हो कहकर पिंकी के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ धारा 115,2 296, 351,3 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

### घर के आंगन से चोरी हुई बाइक, जांच जारी

**तखतपुर**। घर के आंगन में खड़ी दुपहिया को अज्ञात चोरों ने पार कर दिया। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। प्राप्त जानकारी के अनुसार पकरिया निवासी दिलेश्वर यादव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, वह अपनी दुपहिया सीजी 10 बीएस 1546 को 6 अप्रैल रात 2.30 बजे घर के आंगन में खड़ा कर सो गया और जब सुबह देखा तो दुपहिया गायब थी। वाहन की आसपास तलाश की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 303,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

## शराब व दुपहिया वाहन सहित कुल 1.63 लाख का माल बरामद

# अवैध शराब बिक्री पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 4 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

ऑपरेशन बाज के तहत सिटी कोतवाली पुलिस ने अवैध रूप से अधिक मात्रा में शराब बिक्री एवं परिवहन करने वाले 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा है। आरोपियों से 169 पाव देसी प्लेन मदिरा व परिवहनरत 4 नग दुपहिया वाहन जब्त किया गया।



जानकारी के अनुसार 6 अप्रैल को पुलिस ने गर्ल्स स्कूल के पीछे नाला के पास घेराबंदी कर एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर पूछताछ की, जिसमें आरोपी ने अपना नाम जैनेन्द्र उर्फ पिंकू साहू उम्र 40 वर्ष निवासी कबीर वार्ड बताया। उसकी तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 40 पाव देशी प्लेन शराब 7.200 बल्क लीटर कीमती 3 हजार 200 रूपए व घटना में प्रयुक्त दुपहिया एक्टिवा कीमती 60 हजार रूपए को गवाहों के समक्ष जब्त किया गया। इसी तरह खर्राघाट भैरव मंदिर के पास एक आरोपी पप्पु तंबोली पिता सालिक तंबोली उम्र 35 वर्ष निवासी बड़ा बाजार की तलाशी ली गई, जिसमें उसके कब्जे से 41 पाव देशी प्लेन शराब 7.380 बल्क लीटर कीमती 3 हजार 280 रूपए व घटना में प्रयुक्त बिना नंबर की दुपहिया प्लेटिना कीमती 10 हजार रूपए को जब्त किया गया। तीसरे मामले में मारवाड़ी मुक्तिधाम के पास एक संदेही अनिल उर्फ पकउ पिता राजकुमार महिलांग उम्र 37 वर्ष निवासी अंबेडकर वार्ड पड़ाव चौक की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 44 पाव देशी प्लेन शराब 7.920 बल्क लीटर कीमती 3 हजार 520 रूपए व घटना में प्रयुक्त एक स्पलेंडर बाइक कीमती 50 हजार रूपए को जब्त किया गया। एक अन्य मामले में रेहुंटा मोड परमहंस वार्ड में संदेही अनिल सारथी पिता कन्हैया सारथी उम्र 27 वर्ष निवासी खर्रीपारा के कब्जे से 44 पाव देशी प्लेन शराब 7.920 बल्क लीटर कीमती 3 हजार 520 रूपए व घटना में प्रयुक्त एक लाल रंग की डिओ स्कूटी सीजी 28 पी 3910 कीमती 30 हजार रूपए को जब्त किया गया। इस तरह 4 अलग-अलग मामलों में 169 पाव देशी मदिरा शराब 30.42 बल्क लीटर जब्त किया गया है।

### सार्वजनिक स्थान पर तलवार लहरा कर दहशत फैलाते दो गिरफ्तार

सार्वजनिक स्थान पर अवैध रूप से हथियार तलवार लहराकर आम लोगों को डराने धमकाने वाले 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। आरोपियों के कब्जे से 2 नग तलवार जब्त कर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने जिले के समस्त थाना-चौकी प्रभारियों को कानून व्यवस्था रखने व अवैध गतिविधियां करने वालों पर नजर रखकर कार्रवाई करने निर्देशित किया है।



इसी क्रम में 4 अप्रैल को थाना सिटी कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि, नंदी चौक, शंकर मंदिर के पास मल्हापारा क्षेत्र में 2 व्यक्ति तलवार लेकर घूम रहे हैं एवं आम नागरिकों को डरा-धमका रहे हैं। सूचना पर तत्काल कार्रवई करते हुए सिटी कोतवाली पुलिस स्टाफ मौके पर पहुंची, जहां दो व्यक्ति तलवार लहराते हुए पाए गए। पुलिस ने मौके पर उपस्थित गवाहों के समक्ष विधिवत कार्रवाई करते हुए आरोपी सुनील जायसवाल पिता गणेश जायसवाल उम्र 28 वर्ष, निवासी शंकर वार्ड एवं आनंद यादव उर्फ भुरवा पिता हेमकुमार यादव उम्र 25 वर्ष, निवासी राजेन्द्र वार्ड पटवापारा को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपी थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र के आदतन बदमाश पाए गए। पुलिस ने दोनों के कब्जे से 1-1 नग लोहे की तलवार गवाहों के समक्ष कर लिया। उक्त कृत्य आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 के अंतर्गत अपराध पाए जाने पर दोनों आरोपियों को 5 अप्रैल को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।



### 141 लीटर महुआ शराब जब्त, आरोपी भेजा गया जेल

**रतनपुर**। जिले में अवैध नशे के कारोबार के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के निर्देश पर रतनपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में कच्ची महुआ शराब जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार 6 अप्रैल को मुखबिर से सूचना मिली कि, ग्राम सीस में एक व्यक्ति अवैध रूप से महुआ शराब बनाकर बिक्री कर रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मौके पर दबिश दी। रेड के दौरान आरोपी दुलार साय उर्फ भोला पोर्ते 33 वर्ष निवासी कोसाबाड़ी सीस के घर से लगी बाड़ी से 141 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमत लगभग 28 हजार 2 सौ एवं शराब बनाने के उपकरण बरामद किए गए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।



## खबर संक्षेप

### चार दिवसीय भगवान परशुराम जन्मोत्सव 19 से, होंगे विविध आयोजन

**बिलासपुर।** भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाने समग्र ब्राह्मण समाज संग परशुसेना के आह्वान पर सरकंडा में बैठक आहूत की गई।बैठक में इस वर्ष भगवान परशुराम जन्मोत्सव को चार दिन मनाने का निर्णय लिया गया। 19 अप्रैल को लोखंडी भगवान परशुराम मंदिर में शाम को पूजन एवं अर्चना। 20 अप्रैल को आनंदा इम्पीरियल में युवाओं के द्वारा रक्तदान शिविर, इमलीपारा सरयूपारी ब्राह्मण समाज भवन में हवन एवं भोग-प्रसाद। दोपहर को मारवाड़ी ब्राह्मण समाज में भोग-प्रसाद वितरण। सुबह 8 बजे श्रीराम घोंघा बाबा मंदिर, बिलासपुर में उपनयन संस्कार, शाम को राजकिशोर नगर स्थित भगवान परशुराम चौक में महाआरती एवं भव्य प्रसाद वितरण। एवं 21 अप्रैल को शाम 4:30 बजे शीतला माता मंदिर, दयालबंद से देवकीनंदन स्कूल ग्राउंड तक भव्य शोभायात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। इस तैयारी बैठक में डॉ. प्रदीप शुक्ला, अरविंद दीक्षित, बी. महेश कुमार, मोहन देव पुजारी, चंद्रप्रकाश बाजपेयी, संजय शर्मा, एस.डी. बड़गैया, महेश दुबे, विनोद शर्मा, मनोज तिवारी, उमाशंकर शर्मा, सुदेश दुबे, बृजेश शास्त्री, चित्रलेखा तिवारी, विभा गोराहा, नेहा पांडेय, गीता तिवारी, विवेक बाजपेयी, उमेश दुबे, अतुल दुबे, आचार्य दुर्गेश शर्मा जी, प्रणव शर्मा जी, धर्मेश शर्मा, विवेक दुबे, आशुतोष तिवारी, आदर्श दुबे, विनय शर्मा, राजकुमार तिवारी आदि मौजूद थे।

### भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मखमूर पहुंचे शहर



**बिलासपुर।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मखमूर इकबाल खान बिलासपुर भाजपा के स्थापना कार्यक्रम में शामिल हुए। रायपुर से उनके साथ प्रदेश उपाध्यक्ष रजिया खान, शैलेंद्र नगर की पार्षद स्वप्निल मिश्रा, अमिक खान थे। सैय्यद सैफुदीन प्रदेश सदस्य मखमूर, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक के निवास पहुंच कर उनके अग्रज भुलउ राम कौशिक के निधन पर शोक संवेदना प्रकट की। ज्ञानदीप स्पर्श कन्या विद्यालय में बच्चों को फल वितरण किया। कार्यक्रम में श्री मखमूर के साथ अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष शहर मो. हनीफ, सानुल खान, जिला महामंत्री कोषाध्यक्ष साजिद एबानी, भाजपा जिला सदस्य मो. हफीज, सैय्यद गुलशेर अली, नाजिम खान , दिनेश कौशिक ,कृष्णा पांडे, राजु सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### रिटायरमेंट पर हाईकोर्ट में हुआ विदाई समारोह


# जस्टिस वर्मा का न्यायिक जीवन न्याय के प्रति अटूट समर्पण से परिपूर्ण रहा: सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा मंगलवार 7 अप्रैल को रिटायर हो गए। उनकी सेवानिवृत्ति पर सम्मान में विदाई कार्यक्रम का आयोजन चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा के न्यायालय कक्ष में दोपहर 3. 30 बजे संपन्न हुआ।

- जस्टिस वर्मा ने 9800 प्रकरणों का निराकरण किया

इस अवसर पर चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा के विधिक ज्ञान, निष्पक्षता एवं प्रशासनिक दक्षता की सराहना की और उनके योगदान की प्रशंसा करते हुए उनके भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। चीफ जस्टिस ने अभिव्यक्त किया कि जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा का न्यायिक जीवन उत्कृष्टता, निष्ठा और न्याय के प्रति अटूट समर्पण से परिपूर्ण रहा है। जस्टिस श्री वर्मा अपने कार्यकाल के दौरान स्पष्टता, संतुलित दृष्टिकोण तथा विधि के शासन के प्रति सम्मान के लिए जाने जाते हैं और अपने सम्पूर्ण न्यायिक जीवन में शालीनता, अनुशासनात्मक दृष्टिकोण एवं संस्था के प्रति गहरे सम्मान के लिए विख्यात रहे हैं। चीफ जस्टिस ने कहा कि उनके निर्णय न केवल विधिक विवेचन तक सीमित रहे, बल्कि उनमें न्याय की मानवीय समझ भी परिलक्षित होती रही है।



विदाई समारोह में शामिल चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा।

#### 238 एएफआर निर्णय भी शामिल

चीफ जस्टिस ने यह भी कहा कि उनके निर्णयों ने व्यवस्था को सुदृढ़ किया तथा उनका आचरण युवा न्यायिक अधिकारियों के लिए प्रेरणास्रोत बना। चीफ जस्टिस ने कहा कि अपने कार्यकाल में जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा ने विधि के विभिन्न क्षेत्रों में अनेक उल्लेखनीय निर्णय दिए और कुल 9,800 से अधिक प्रकरणों का निराकरण किया। इनमें 238 एएफआर निर्णय भी सम्मिलित हैं। यह आंकड़े मात्र संख्यात्मक उपलब्धियां नहीं, बल्कि उनके न्यायिक दृष्टिकोण एवं संवैधानिक मूल्यों के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। जस्टिस वर्मा ने अपने उद्बोधन में ईश्वर, चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा एवं समस्त न्यायाधीशगण, परिवार, न्यायिक अधिकारीगण, सहयोगियों, अधिवक्ताओं एवं न्यायालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अपने कार्यकाल के अनुभव साझा किए।

## हमर लैब: फाल सिलिंग टूटी पाइप के सहारे थाम रहे छत



**बिलासपुर।** जिला अस्पताल का हमर लैब खस्ताहाल हो चुका है। जहां रिएजेंट नहीं मिलने के कारण जांच प्रभावित हो रही है, वहीं हमर लैब में फाल सिलिंग तक टूट चुकी है, जिला अस्पताल प्रबंधन इसे मरम्मत करने के लिए भी उदासीन बना हुआ है। इस दौरान अस्थाई व्यवस्था करते हुए पाइप के सहारे छत को रखा गया है, जिससे कर्मचारियों को नुकसान होने का अंदेशा बना हुआ है।

बताया जा रहा है कि महज 2 सालों में लाखों रूपए खर्च कर बनाए गए हमर लैब की हालत खराब हो चुकी है। मरीजों को आधी अधूरी जांच ही मुहय्या हो रही है, वहीं कई जांचों के लिए सिम्स पर निर्भर रहना पड़ रहा है। स्वास्थ्य विभाग के दावे के अनुसार हमर लैब में 120 तरह की जांच हो सकती है लेकिन यहां महज 56 जांच ही उपलब्ध है। सबसे खास बात यह है कि हमर लैब में लगाई गई फाल सिलिंग समय के साथ गिरने की नौबत में आ चुकी है, ऐसे में सिलिंग को सहारे के लिए पाइप लगा दिया गया है, लेकिन इसके हटते ही सिलिंग किसी भी दिन गिर सकती है। इस बात की जानकारी अस्पताल प्रबंधन को भी है लेकिन अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है। ऐसे में कर्मचारियों को कामकाज करने में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है, वहीं कई बार फाल सिलिंग के गिरने का अंदेशा बना रहता है।

## सौगात: बिलासपुर से यलहंका के बीच नियमित चलेगी ट्रेन

**बिलासपुर।** प्रदेश के यात्रियों के लिए रेल मंत्रालय ने एक नई ट्रेन बिलासपुर से यलहंका एक्सप्रेस की सौगात दी है, जिसकी मांग केन्द्रीय राज्यमंत्री और बिलासपुर के सांसद तोखन साहू ने रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से की थी। रेल मंत्रालय की मंजूरी के बाद अब तक स्पेशल बनकर चल रही ट्रेन को नियमित चलाने का आदेश जारी कर दिया गया है।

रेलवे बोर्ड के निर्देश पर बिलासपुर से यलहंका के बीच स्पेशल बनाकर ट्रेन को चलाया जा रहा था, जिसमें यात्रियों की संख्या भी काफी थी। इस ट्रेन में सबसे अधिक यात्री बेंगलुरु के थे, जिसमें पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के अलावा काम करने वाले लोग शामिल थे। यात्रियों की संख्या के हिसाब से रेल प्रशासन बिलासपुर से यलहंका के बीच चल रही स्पेशल ट्रेन की तिथि में लगातार विस्तार कर रही थी। यह ट्रेन कभी भी किसी भी समय बंद होने के कगार पर थी। प्रदेश के लोगों की मांग और जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए आवासन एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू के विशेष प्रयासों से बिलासपुर से यलहंका के बीच चलने वाली स्पेशल ट्रेन को नियमित करने का निर्णय लिया गया है। रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने तोखन साहू को पत्र लिखकर इस निर्णय की जानकारी साझा की है।

चर्चा के दौरान तोखन साहू ने इस मार्ग पर यात्रियों के बढ़ते दबाव व नियमित सेवा की आवश्यकता पर जोर दिया था। रेल मंत्रालय के आदेश के बाद अब यह ट्रेन 18261/18262 बिलासपुर से यलहंका और यलहंका से बिलासपुर एक्सप्रेस के रूप में नियमित रूप से संचालित होगी। इस निर्णय से बिलासपुर और आसपास के यात्रियों को दक्षिण भारत, विशेषकर बेंगलुरु यलहंका क्षेत्र तक आवागमन के लिए एक सुलभ और स्थायी विकल्प मिलेगा।

## प्रधान अध्यापक शराब पीकर करता है दुर्व्यवहार बच्चों को पढ़ाने में कोताही, कलेक्टर से शिकायत

**बिलासपुर।** कलेक्टर के जनदर्शन में मंगलवार 7 अप्रैल को एक ऐसा मामला सामने आया जिसमें ग्रामीणों ने स्कूल के प्रधान

अध्यापक पर शराब पीकर आने और दुर्व्यवहार करने तथा बच्चों को पढ़ाने में कोताही बरतने का आरोप लगाते हुए उसे हटाने की मांग की। इस पर डीईओ को मामले की जांच कर आवश्यक जांच करने कहा गया है। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर मंगलवार को जनदर्शन में नगर निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे और एडीएम शिव कुमार बनर्जी ने ग्रामीणों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। जनदर्शन में तखतपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत विजयपुर के ग्रामीणों ने प्राथमिक शाला विजयपुर के प्रधान अध्यापक भरत ध्रुव को पद से हटाने की मांग की है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्रधान अध्यापक द्वारा शराब का सेवन कर शाला में दुर्व्यवहार एवं विद्यार्थियों को पढ़ाने में कोताही बरती जा रही है। पूर्व में भी प्रधान अध्यापक की शिकायत की गई थी, परंतु आज दिनांक तक किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गई है। डीईओ को मामले की जांच कर शीघ्र ही कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। रतनपुर की अंकिता कमलसेन एवं सिंघरी की प्रतिभा कोशले ने स्वयं का रोजगार स्थापित करने शासन की योजना अंतर्गत लोन दिलाने की मांग की।

लीड बैंक मैनेजर को आवश्यक कार्यवाही करने कहा। मेण्ड्रा के सूरज सूर्यवंशी सहित ग्रामवासियों ने ग्राम मेण्ड्रा के वार्ड 4 एवं 5 में हो रही पेयजल की समस्या से अवगत कराया। बेलतरा तहसील के बाम्हू निवासी परसराम ने आवेदन देकर बताया कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रथम किश्त की राशि प्राप्त हो चुकी है, किन्तु दूसरे एवं तीसरे किश्त की राशि आज दिनांक तक नहीं मिलने के कारण उनके आवास का कार्य अधूरा है। उन्होंने शेष बची किश्त की राशि दिलाने की मांग की है।

## द जैन इंटरनेशनल स्कूल में ग्रेजुएशन डे मनाया गया



**बिलासपुर।** द जैन इंटरनेशनल स्कूल में 7 अप्रैल को ग्रेजुएशन डे मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की अध्यक्ष अनीता अग्रवाल, मैनेजमेंट ट्रस्टी अशोक अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. एस. एस. राजपूत एवं उप-प्राचार्य जयदत्त बेन ने किया। डायरेक्टर ने नन्हें स्नातकों को बधाई दी और उन्हें आत्म-विश्वास, जिज्ञासा और दृढ़ संकल्प के साथ अपनी सीखने की यात्रा जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया। समारोह का एक विशेष आकर्षण दीपों के साथ स्नातक मार्च था, जो ज्ञान के प्रकाश का प्रतीक है, जो छात्रों को आगे की उच्च कक्षाओं में जाने के लिए मार्गदर्शित करेगा। इसके बाद स्नातक छात्रों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, जिसमें उनकी स्कूल शिक्षा के शुरुआती वर्षों के दौरान की गई मेहनत, विकास और उपलब्धियों का उत्सव मनाया गया। यह कार्यक्रम जूनियर स्कूल कोऑर्डिनेटर जेसिका के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का समापन शिक्षकों के प्रयासों और माता-पिता के अटूट समर्थन के लिए आभार के साथ हुआ।

## सीयू में यूनिवर्सिटी फेस्ट उत्सव नहीं कराने पर छात्रों ने किया प्रदर्शन



**बिलासपुर।** गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में फेस्ट उत्सव का आयोजन नहीं कराने पर छात्र-छात्राएं खासे नाराज हैं और मंगलवार को छात्रों ने यूनिवर्सिटी में विरोध प्रदर्शन करते हुए यूनिवर्सिटी उत्सव आयोजित किए जाने की मांग रखी। छात्रों ने आयोजन नहीं कराने की स्थिति में यूनिवर्सिटी के समक्ष शुल्क वापस करने की मांग रखी है।

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के छात्रों ने यूनिवर्सिटी प्रशासन को छात्रहित में निर्णय लेने के लिए एक दिन की मोहलत दी है। छात्रों के अनुसार यूनिवर्सिटी स्तर पर आयोजित होने वाला यह उत्सव केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि छात्रों की रचनात्मक प्रतिभा और सांस्कृतिक पहचान को मंच प्रदान करने का महत्वपूर्ण अवसर है। इसलिए यूनिवर्सिटी प्रशासन तत्काल प्रभाव से उत्सव के आयोजन की अनुमति प्रदान करें तथा इसके लिए उपयुक्त स्थान उपलब्ध कराए ताकि निर्धारित समय में कार्यक्रम आयोजित किया जा सकें। इसके साथ ही छात्रों ने यह भी मांग रखी कि यदि किसी कारणवश उत्सव का आयोजन संभव नहीं होता है तो छात्रों से लिए गए 250 रुपए की राशि को किसी अन्य शुल्क में समायोजित न किया जाए बल्कि पूर्ण रूप से वापस किया जाए। छात्रों की नाराजगी को देखते हुए यूनिवर्सिटी प्रबंधन ने आज आनन-फानन में इस विषय को लेकर मिटिंग बुलाई पर छात्रों की मांग पर चर्चा की गई।

#### छात्रों ने दी प्रबंधन को चेतावनी

सेंट्रल यूनिवर्सिटी के छात्रों ने फेस्ट उत्सव आयोजन या फिर प्रत्येक छात्रों को 250-250 रुपए शुल्क वापसी की मांग प्रबंधन के सामने रखते हुए कल तक छात्रहित में निर्णय लेने की मोहलत दी है। छात्रों ने चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह भीतर इन मांगों पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं की जाती तो वे उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी विवि प्रशासन की होगी।

## स्वास्थ्य अमले को संदिग्धों के आरटीपीसीआर जांच करने के निर्देश



**बिलासपुर।** शहरवासियों में बर्ड फ्लू के प्रभावों की जांच करने शहर पहुंची एम्स की चार सदस्यीय विशेषज्ञों की टीम ने मंगलवार को स्वास्थ्य अमले से बातचीत की। इस दौरान विशेषज्ञों ने शहर के भीतर संदिग्ध पाए जाने की स्थिति में संबंधितों के आरटीपीसीआर टेस्ट करने के निर्देश दिए। टीम बुधवार को शहर के आसपास बर्ड फ्लू के प्रभावों की जांच करेगी।

शहर के भीतर बर्ड फ्लू का इंसानों पर होने वाले प्रभावों की जांच करने एम्स रायपुर से सोमवार को शहर पहुंची विशेषज्ञों की टीम ने मंगलवार को भी कोनी स्थित शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र की विस्तृत जांच की। जांच के बाद विशेषज्ञों की टीम ने कलेक्टर संजय अग्रवाल से मुलाकात कर आवश्यक चर्चा की। विशेषज्ञों ने मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों एवं अधिकारियों की बैठक लेकर शहर में बर्ड फ्लू के प्रभावों वाले संदिग्धों की आवश्यकतानुसार आरटीपीसीआर जांच करने के निर्देश दिए हैं।

विशेषज्ञों की टीम अभी शहर में ही है, वे बुधवार को शहर से दस किलोमीटर के दायरे वाले गांवों में जाकर बर्ड फ्लू का ग्रामीणों पर होने वाले प्रभावों का पता लगाएंगे।

#### जांच के दिए गए निर्देश

एम्स की टीम ने स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की बैठक लेकर बर्ड फ्लू के संदिग्ध व्यक्तियों की आरटीपीसीआर जांच करने के निर्देश दिए हैं। बुधवार को टीम आसपास के गांवों में जाकर आवश्यक निरीक्षण करेगी।

-डा. जीएस तंवर
संयुक्त संचालक
पशुपालन विभाग

### अलांयस एयर सीईओ सेन से समिति ने की मुलाकात

# समिति ने मांगी देर शाम दिल्ली से सीधी फ्लाइट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति के प्रतिनिधि अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव ने अलायंस एयर के मुख्यालय पहुंचे और एयरलाइन के सीईओ राजर्षि सेन से मुलाकात की। उन्होंने नाइट लैंडिंग की सुविधा होने के बाद बिलासा एयरपोर्ट से दिल्ली की सीधी उड़ान देने व हैदराबाद के लिए कमर्शियल फ्लाइट शुरू करने की मांग की।

अलायंस एयर के सीईओ राजर्षि सेन के मुलाकात के साथ ही वरिष्ठ परिचालन अधिकारी रंजन दत्ता भी उपस्थित रहे। मुलाकात में सुदीप श्रीवास्तव ने श्री राजर्षि सेन को बताया कि बिलासपुर और रायपुर दो अलग-अलग प्रमुख व्यावसायिक , राजनीतिक और सामाजिक केंद्र है। राज्य निर्माण के समय रायपुर और बिलासपुर में ज्यादा अंतर नहीं था लेकिन बाद में विकास महज राजधानी रायपुर तक सिमित रह गया। उन्होंने कहा कि बिलासपुर में एयरपोर्ट व हवाई सुविधाओं के विस्तार की पूरी संभावना है। बिलासपुर से 14 जिले नजदीक नजदीक है साथ ही मध्य प्रदेश के भी तीन जिले महज 150 किमी की दूरी पर है। उन्होंने हैदराबाद उड़ान की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए कहा के स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा व दक्षिण भारतीयों के कोरबा और बिलासपुर में रहने के कारण हैदराबाद उड़ान समय की मांग हो चुकी है। उड़ान राज्य सरकार के वीजीएफ सब्सिडी नहीं देने पर भी कमर्शियल स्तर पर 7 हजार रूपए में फ्लाइट दी जा सकती है।

अलायंस एयर के अधिकारियों ने नाइट लैंडिंग में देर शाम को दिल्ली की उड़ान देने का भरोसा दिलाया है। साथ ही प्रयागराज उड़ान भी बढ़ाने का प्रयास करने की बात कही गई है। अधिकारियों ने हैदराबाद उड़ान पर राज्य सरकार से बातचीत करने और उड़ान योजना के सब्सिडी के तहत लाने के लिए प्रयास करने का भरोसा दिलाया है।

॥ शोक संदेश ॥



श्री भुलऊ प्रसाद कौशिक जी

अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि
हमारे बड़े भैया श्री भुलऊ प्रसाद कौशिक जी का स्वर्गवास
दिनांक 30 मार्च 2026, सोमवार को हो गया है।
दशगात्र दिनांक 08 अप्रैल 2026, दिन : बुधवार,
दोपहर 3:00 बजे तालाब का कार्यक्रम संपन्न होगा।
पगबंधी कार्यक्रम
दिनांक 09 अप्रैल 2026, दिन गुरूवार दोपहर 1:00 बजे
कार्यक्रम स्थल : निवास - परसदा, वार्ड क्र. 09, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)
विनम्र निवेदन है कि सहपरिवार पधारकर दिवंगत आत्मा को
श्रद्धांजलि अर्पित करें एवं उनकी आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना करें।

विनीत
धरमलाल कौशिक (भाई) विधायक, बिल्हा
केदारनाथ कौशिक (भाई)
जगदीश प्रसाद कौशिक (पुत्र)


संपर्क
अरूण 7000741028
देवेन्द्र 9907439999

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, बुधवार 8 अप्रैल 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255

विश्व स्वास्थ्य दिवस

## शिविर

### जीवन को श्रेष्ठ बनाने ईश्वरीय मार्गदर्शन है गीता





**बिलासपुर।** टिकरापारा स्थित ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र में स्व. सुशील भाई की स्मृति में सात दिवसीय 'गीता ज्ञान यज्ञ' का शुभारंभ किया गया। मुख्य वक्ता बीके शशिप्रभा दीदी ने गीता के आध्यात्मिक रहस्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि गीता मात्र एक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन को श्रेष्ठ बनाने का ईश्वरीय मार्गदर्शन है।

सत्र के आरंभ में दिवंगत सुशील भाई सगदेव को याद करते हुए शशिप्रभा दीदी ने बताया कि वे आरएसएस के सक्रिय सदस्य रहे और कोरोना काल के संकटपूर्ण समय में उन्होंने निःस्वार्थ भाव से समाज की सेवा की। उन्होंने उनके परिवार द्वारा लिए गए 'देह दान' के साहसी निर्णय को मानवता के लिए एक महान उदाहरण और पुण्य कार्य बताया। उन्होंने गीता की महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गीता 'सर्व शास्त्र शिरोमणि' है और इसे 'महाभारत की आत्मा' माना जाता है। यदि महाभारत से गीता के ज्ञान को निकाल दिया जाए, तो वह शरीर से आत्मा के निकल जाने के समान होगा। इसे 'पंचम वेद' की संज्ञा दी गई है क्योंकि इसमें चारों वेदों और उपनिषदों का सार समाहित है।

## आयोजन

### गांधी से प्रभावित होकर रामगोपाल कूद पड़े थे राष्ट्र आंदोलन में : तिवारी



**बिलासपुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी परिवार संगठन बिलासपुर छत्तीसगढ़ द्वारा सेनानियों के स्मरण कार्यक्रम के तहत नगर के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. राम गोपाल तिवारी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। योगाचार्य अनिल तिवारी ने कहा कि बाबा रामगोपाल तिवारी महात्मा गांधी से प्रभावित होकर राष्ट्र आंदोलन में कूद पड़े। श्री तिवारी ने बताया कि उनके प्रस्ताव पर महात्मा गांधी का बिलासपुर आगमन हुआ। स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 1947 एवं गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 1950 को पुलिस परेड ग्राउंड में राष्ट्रीय ध्वज फहराया था। उनका पूरा परिवार स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय रूप से सहभागी रहा। महात्मा गांधी के नगर आगमन पर दूसरे दिवस महिलाओं की सभा में बापू के कहने पर सहयोग राशि कम मिली तो तिवारी परिवार की दादी सहित सभी बहुओं एवं अन्य महिलाओं ने अपने जेवर उतार बापू की झोली भर दी।

## कार्यक्रम

### कन्या भोज के साथ पूजन का समापन, हवन व रामायण पाठ



**बिलासपुर।** हनुमान जयंती के पावन अवसर पर 2 अप्रैल से प्रारंभ हुआ सात दिवसीय पूजन कार्यक्रम मंगलवार को विधिवत रूप से संपन्न हुआ। यह धार्मिक आयोजन जेल चौक में आयोजित किया गया है, जिसमें श्रद्धालुओं बड़ी संख्या में मौजूद रहे। समापन दिवस के अवसर पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों की विशेष श्रृंखला आयोजित गई जिसमें दोपहर 2 बजे कन्या पूजन एवं कन्या भोज से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके पश्चात दोपहर 3:30 बजे अखंड रामायण पाठ का समापन हुआ। शाम 4 बजे हवन का आयोजन रखा गया है, जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुति देकर पुण्य लाभ प्राप्त किया। संध्या 6 बजे सुंदरकांड का पाठ हुआ। महाआरती व सामूहिक हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया इसके बाद प्रसाद का वितरण देर रात्रि तक चलता रहा।

## धर्म-क्षेत्र

### धन गुरु नानक दरबार में सजा कीर्तन दरबार



**बिलासपुर।** धन गुरु नानक दरबार में भाई मेहरबान सिंह साहब की मासिक वरसी के अवसर पर महान कीर्तन दरबार सजा कर सुखमणि साहिब का पाठ किया गया। कीर्तन दरबार में कल्याण से आए भाई साहब यंग मैन व बबल ने सत्संग, कीर्तन से साध संगत को निहाल किया। दरबार के प्रमुख भाई साहब बलवीर सिंह ने विश्व शांति के लिए अरदास की। कार्यक्रम में दरबार के प्रबंधक भाई मूलचंद नारवानी, सुरेश वाधवानी, सोनू लालचंदनी, नरेश मेहरचंदानी, राजेंद्र पप्पू भाई, अशोक मतलानी, सुरेश माधवानी, गंगाराम सुखिजा, विकास बजाज, अनीता नारवानी, प्राची सोनू लालचंदानी, वर्षा सुखिजा, मेघराज नारा, पार्षद कंचन वाधवानी, कंचन रोहरा, पलक माखीजा, कशिश जैसवानी, अमृता लालचंदानी, ज्योति हिंदूजा, स्नेहा पमनानी, प्राची बजाज, बलराम रामानी, डॉ हुदलदास सोमनानी, मुरली कुकरेजा, विष्णु धनवानी, बलबीर सिंह, अविनाश हिंदूजा, राहुल पमनानी, लक्ष्मण पंजवानी, साहिल, नंदलाल पोपटानी, सोनिया कलवानी, डॉ सोनम, अक्षय, दीपक, नीलम लालवानी, रोशन सहित अन्य सेवादार उपस्थित थे।

विश्व स्वास्थ्य दिवस पर मंगलवार को एसईसीएल के चिकित्सा विभाग के तत्वावधान में स्वास्थ्य, फिटनेस और सामूहिक भागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एसईसीएल मुख्यालय में वॉकथॉन का आयोजन किया गया। इसमें कर्मचारियों ने इस वर्ष की थीम स्वास्थ्य के लिए एकजुट, विज्ञान के साथ खड़े हों, के अनुरूप स्वस्थ जीवन शैली व फिटनेस के बारे में जागरूकता फैलाई।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर एसईसीएल में वॉकथान का आयोजन

# वॉकथान के जरिए स्वस्थ जीवन-मजबूत राष्ट्र का संदेश






हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

कार्यक्रम की शुरुआत एसईसीएल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ श्रुतिदेव मिश्रा के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने स्वास्थ्य जागरूकता और अच्छे स्वास्थ्य के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी के महत्व पर प्रकाश डाला। निदेशक तकनीकी संचालन एन. फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक मानव संसाधन बिरंची दास एवं निदेशक तकनीकी/योजना एवं परियोजना रमेश चंद्र महापात्र ने अपने प्रेरक संदेशों से प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। अतिथियों ने अपने संबोधन में इस बात पर जोर दिया कि मानव शरीर ईश्वर का एक अनमोल उपहार है और स्वास्थ्य हमारी सबसे बड़ी संपत्ति है। वॉकथॉन को अतिथियों ने एसईसीएल मुख्यालय में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वाकथान में लगभग 3 किलोमीटर की दूरी तय की गई। जिसका समापन वसंत विहार स्थित रवींद्र भवन में हुआ। यह कार्यक्रम एक स्वस्थ कार्य बल और एक मजबूत राष्ट्र के निर्माण की दिशा में एसईसीएल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### स्वस्थ जीवन शैली अपनाने ली गई शपथ

कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों ने स्वस्थ जीवन शैली अपनाने की शपथ ली एवं शारीरिक रूप से सक्रिय रहने और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता दोहराई। वॉकथॉन में लगभग 200 कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उत्साह बढ़ाने के लिए, प्रतिभागियों के बीच विश्व स्वास्थ्य दिवस की टी-शर्ट और बैज भी वितरित किए गए।

## वैज्ञानिक सोच, शोध और प्रमाण आधारित उपचार पद्धति को अपनाना समय की आवश्यकता



विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर मंगलवार को सिम्स के पीएसएम विभाग द्वारा "टुगैदर फॉर हेल्थ, स्टैंड विद साइंस" विषय पर एक प्रभावी सीएमई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य सेवाओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, प्रमाण आधारित चिकित्सा तथा जनजागरूकता के महत्व पर विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ रमणेश मूर्ति, विशिष्ट अतिथि डॉ लखन सिंह, विभागाध्यक्ष कम्युनिटी मेडिसिन डॉ हेमलता ठाकुर, निश्चेतना विभागाध्यक्षडॉ. मधुमिता मूर्ति एवं अन्य वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। डब्ल्यूएचओ की इस वर्ष की थीम टूगेदर फॉर हेल्थ स्ट्रैंड विड साइंस पर स्नातकोत्तर छात्र डॉ जी मनीष राव तथा स्नातक छात्राएं आकृति गुप्ता एवं हेमा नायक ने सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किए। वक्ताओं ने बताया कि आधुनिक चिकित्सा में विज्ञान आधारित निर्णय, अनुसंधान और जनभागीदारी स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाते हैं। कार्यक्रम के दौरान डब्ल्यूएचओ क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं को डॉ रमणेश मूर्ति द्वारा पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति ने कहा कि "बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए वैज्ञानिक सोच, शोध और प्रमाण आधारित उपचार पद्धति को अपनाना समय की आवश्यकता है। विश्व स्वास्थ्य दिवस हमें यह संदेश देता है कि समाज और विज्ञान साथ मिलकर ही स्वस्थ भविष्य का निर्माण कर सकते हैं।"

### वैज्ञानिक जागरूकता बढ़ाना अत्यंत आवश्यक

चिकित्सा अधीक्षक डॉ लखन सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि "सामुदायिक स्वास्थ्य को मजबूत करने के लिए चिकित्सकों, विद्यार्थियों और आमजन के बीच वैज्ञानिक जागरूकता बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है। इस प्रकार के सीएमई कार्यक्रम चिकित्सा शिक्षा और सेवा गुणवत्ता को नई दिशा देते हैं।"विभागाध्यक्ष कम्युनिटी मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ हेमलता ठाकुर ने कहा कि "डब्ल्यूएचओ की थीम के अनुरूप समाज को स्वास्थ्य संबंधी मिथकों से बाहर निकालकर विज्ञान आधारित जानकारी देना ही आज की सबसे बड़ी जरूरत है। विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी इस दिशा में सकारात्मक संकेत है। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ जे पी स्वाइन, डॉ शिक्षा जांगड़े, डॉ केशव कश्यप, डॉ विवेक शर्मा, डॉ समीर, डॉ श्रुति, डॉ सुचिता, डॉ. सचिन, डॉ प्रवीण, डॉ डेविन, डॉ आशीष, डॉ सुमित सहित अन्य स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

## आईएमए के स्वास्थ्य शिविर में पुलिसकर्मियों ने उठाया लाभ



विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आईएमए के द्वारा,सिविल लाइंस स्थित, चेतना परिसर में ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के लिए 'स्वास्थ्य परीक्षण' कैंप का आयोजन बुधवार को किया गया।

डॉक्टरों द्वारा पुलिसकर्मियों को धूप से बचाव, स्वस्थ जीवन शैली एवं बीमारियों से बचाव की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसएसपी रजनेश सिंह एवं विशिष्ट अतिथि अभय गुप्ता रेहे। संयोजक एडिशनल एसपी रामगोपाल करियारे, आईएमए अध्यक्ष डॉ प्रमोद जायसवाल, डॉ मोहन गुप्ता, सचिव डॉ प्रसन्ना सिंह मौजूद थे। शिविर में सैकड़ो पुलिसकर्मियों का स्वस्थ्य परीक्षण किया गया।

शिविर मे डॉ दीपक गुप्ता, डॉ एमपी सामल, डॉ अविजित रायजादा, डॉ विजय कुपटकर, डॉ अखिलेश देवरस ,डॉ श्रीश मिश्रा एवं डॉ योगेन्द्र गुप्ता अपनी सेवाएं दी।

## गुरुतेग बहादुर ने दी थी प्रभु सिमरन करने की शिक्षा

**बिलासपुर।** सिखों के नवें गुरु श्री गुरुतेग बहादुर की जयंती मंगलवार को गुरुतेग बहादुर उच्चतर माध्यमिक शाला में मनाई गई। ज्ञानी सरवन सिंह ने पाठ कर अरदास की। साथ ही बताया गया कि गुरु तेग बहादुर ने मनुष्य को सांसारिक मोह, माया से ऊपर उठकर प्रभु सिमरन करने की शिक्षा दी थी।

कार्यक्रम के आरंभ में समिति के पदाधिकारियों ने गुरुजी की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया। शिक्षण समिति के अध्यक्ष अजीत सिंह भोगल ने गुरुजी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरुजी ने धर्म सत्य और मानवीय मूल्य की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया।



गुरुतेग बहादुर स्कूल में सिखों के नवें गुरु की जयंती

मनुष्य को निडर होकर जीने और अन्याय के खिलाफ खड़े होने की शिक्षा दी और सिखाया कि हर प्राणी के प्रति दया का भाव रखें और घृणा से दूर रहें। सामान्य सुख-दुख, मान-अपमान और हार-जीत को एक समान समझकर जीवन जीना चाहिए। उन्होंने कहा कि ईश्वर को अपने भीतर ही महसूस करें और अहंकार का त्याग करें। सभी के साथ अच्छा व्यवहार करें। समाज की सेवा करें। गुरुजी ने समझाया कि शरीर और सांसारिक संपत्ति अस्थाई है, इसलिए मृत्यु से पहले प्रभु का नाम जप लेना चाहिए। न किसी को डराओ और न ही किसी से डरो क्योंकि ईश्वर ही सच्चा रक्षक है। अंत में विद्यालय के बच्चों को चॉकलेट बांटा गया।

इस अवसर पर शिक्षण समिति के त्रिलोचन सिंह, चरण सिंह सिहरा, गुरप्रीत सिंह भगत, मनदीप कौर, प्राचार्य निशी गुप्ता, अमरेंद्र मुखर्जी, प्रतिभा यादव, अनीता पांडेय, प्रमिला साहू, गीता दुबे, सरल तिवारी, लता द्विवेदी, गरिमा सिंह, तृप्ति कर्मकार, निशा यादव, प्रियंका माथुर, प्रकाश शेष, विवेक नायक सहित विद्यालय के बच्चे उपस्थित रहे।

## लायंस क्लब शक्ति ने मनाया चार्टर डे



**बिलासपुर।** लायंस क्लब बिलासपुर शक्ति ने अध्यक्ष अरविन्द वर्मा की अध्यक्षता में दूसरा चार्टर डे धूमधाम से मनाया। इस दौरान विजय लक्ष्मी ने अलग-अलग गेम्स खिला कर सभी का मनोरंजन कराया। प्रतिज्ञा सिंह व बी. महेश ने गीतों की प्रस्तुति देकर सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। दिव्या सिंह की काव्य प्रस्तुति भी सराहनीय रही। अंत में केक काटा गया।

इस मौके पर अतिथि के रूप में पूर्व रीजन चेयरपर्सन राकेश पांडेय, अरविन्द दीक्षित, चंदा वसंल, रीजन चेयरपर्सन बी महेश, ज्योत्सना, क्लब की अध्यक्ष एम आशा, सेवा क्लब अध्यक्ष संतोष पांडेय, सृजन क्लब अध्यक्ष श्वेता शास्त्री उपस्थित थीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष अरविन्द वर्मा, कोषाध्यक्ष बिधुत मण्डल, सचिव रोशनी दीक्षित, डिस्ट्रिक्ट चेयरपरसन फिरोज अलीम, विजय लक्ष्मी, प्रभा मूर्ति, कुमुद स्वर्णकार का योगदान रहा।

## 14 खिलाड़ियों का चयन अंडर-19 मैच के लिए किया गया



स्पोर्ट्स न्यूज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

अंडर-19 इंटर डिस्ट्रिक्ट प्रतियोगिता को देखते हुए मेंस अंडर-19 वनडे चैलेंजर ट्रॉफी वीनू मांकड़ ट्रॉफी और बिहार ट्रॉफी के लिए बिलासपुर से 14 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। बिलासपुर के 14 खिलाड़ी इस पर आर्यन सिंह, शैवाल सरकार, गुणवंत अवस्थी,ललित सोनकर, सक्षम चौबे, श्रीसंत खरे, हर्ष कुमार, आर्यन सिंह, आयुष तोड़ेकर,आकाशदीप सिंह, अयान उपाध्याय, धनंजय नायक, आदित्य, रणवीर चड्ढा का चयन किया गया है।

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा अंडर-19 चैलेंजर ट्रॉफी का सिलेक्शन मैच 8 अप्रैल से बिलासपुर के राजा रघुराज सिंह स्टेडियम और रेलवे के सेक्रसा मैदान में में खेला जाएगा। अंडर-19 वनडे चैलेंजर ट्रॉफी के लिए पांच ग्रुप बनाए गए हैं जिसमें पहले ग्रुप ईस्ट जोन दूसरा वेस्ट जोन तीसरा नॉर्थ जोन चौथ साउथ जोन और सेंट्रल जोन के नाम से बनाया गया है। जिसमें सभी ग्रुप में 13- 13 खिलाड़ी सम्मिलित है जो की एक दूसरे से मैच खेलेंगे। और सभी सलेक्शन मैच बिलासपुर के दोनों मैदान में खेला जाएगा। पहला मैच 8 अप्रैल को रेलवे ग्राउंड में ईस्ट जोन वर्सेस वेस्ट जोन के मध्य खेला जाएगा, वही रघुराज स्टेडियम में नॉर्थ जोन बनाम साउथ जोन के मध्य। 9 अप्रैल को ईस्ट जोन और नॉर्थ जोन के मध्य रेलवे ग्राउंड में , वेस्ट जोन वर्सेस सेंट्रल जोन रघुराज सिंह स्टेडियम में । इसके पश्चात 11 अप्रैल को पांचवा मैच नॉर्थ जोन वर्सेस सेंट्रल जोन रेलवे ग्राउंड में, छठवां मैच ईस्ट जोन वर्सेस साउथ जोन रघुराज सिंह स्टेडियम में होगा। 12 अप्रैल को सातवां मैच वेस्ट जोन वर्सेस साउथ जोन रेलवे ग्राउंड में,आठवां मैच ईस्ट जोन वर्सेस सेंट्रल जोन रघुराज सिंह स्टेडियम में । नौवा मैच 14 अप्रैल को वेस्ट जोन वर्सेस नॉर्थ जोन रेलवे ग्राउंड में और अंतिम सिलेक्शन में 14 अप्रैल को साउथ जोन वर्सेस सेंट्रल जोन रघुराज सिंह स्टेडियम में खेला जाएगा। छत्तीसगढ़ अंडर 19 वनडे चैलेंजर ट्रॉफी सलेक्शन मैच में चयनित होने पर छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के सचिव विंटेश अग्रवाल, छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के पूर्व सचिव मुकुल तिवारी, क्रिकेट संघ बिलासपुर के अध्यक्ष नवीन जाजोदिया, सचिव देवेंद्र सिंह शुभकामनाएं प्रेषित की।



## तैराकी में अनुष्का ने जीता सिल्वर मेडल

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स तैराकी प्रतियोगिता जो की रायपुर में आयोजित की गई थी जिसमें बिलासपुर की अनुष्का भगत ने 50 मी, 100 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक,50 मी बैक स्ट्रोक और 200 मीटर व्यक्तिगत मिडिल में सिल्वर मेडल प्राप्त कर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। शहर की अनुष्का भगत का आज भव्य स्वागत किया गया अनुष्का के पिता बसंत एक्का एवं उनकी माता विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर सतीश सिंह ठाकुर हेमंत सिंह परिहार शंकर पांडे संतोष पाल दिनेश ,विनय सिंह, शैलेंद्र, सीताराम बंजारे, जितेंद्र नायडू,अरूप धारा राजेश गेडाम, रमा सिंह परिहार, सुनीता शर्मा , मनीषा पालेरिया,सोनू सिंह स्वाति सिसोदिया,ज्योति गुप्ता आदि लोग उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### एक सटोरिया जेल गया दूसरा सिम्स में भर्ती

**बिलासपुर।** कोर्ट में जेल वारंट जारी होते ही रसूखदार क्रिकेट सटोरिए की अचानक तबियत खराब गई। उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। 5 अप्रैल की रात मुखबिर की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने जूना बिलासपुर से मोबाइल के माध्यम से आनलाइन आईपीएल मैच में क्रिकेट सट्टा खिलाते हुए दीपक भक्तानी व विशाल विधानी को पकड़ा था। उनके पास से 1 लाख 10 हजार रुपए नकद, स्कूटी क्रमांक सीजी 10 बीएल 2191, मोबाइल जब्त किया गया था। 6 अप्रैल को पुलिस ने दोनों सटोरियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। कोर्ट से दोनों सटोरियों को जेल भेजने का वारंट जारी किया गया। उसके बाद आरोपी विशाल की अचानक तबियत खराब हो गई। उसे इलाज के लिए सिम्स लेकर गए जहां आरोपी की सुरक्षा में पुलिस बल तैनात किया गया। वहीं दूसरे सटोरिया दीपक भक्तानी को जेल भेज दिया गया है। कोतवाली टीआई देवेश सिंह ने बताया कि जेल वारंट जारी होने के बाद आरोपी विशाल के सीने में दर्द होने लगा। उसे इलाज के लिए सिम्स ले जाया गया। डाक्टरों के द्वारा उसका इजीसी किया गया। गड़बड़ी पाए जाने पर उसे इलाज के लिए भर्ती किया गया है। आरोपी की सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

### कार ने मारी टक्कर महिला वकील घायल

**बिलासपुर।** ग्रीन सिग्नल में जल्दी निकलने के फेर में कार चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक्टीवा सवार महिला वकील को टक्कर मार दी। हादसे में उन्हें चोट आई है और एक्टीवा क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, सरकण्डा शिवघाट निवासी वकील रश्मि सूर्यवंशी पिता स्व. रामचरण सूर्यवंशी 6 अप्रैल की सुबह वह अपनी एक्टीवा क्रमांक सीजी 10 बीजे, 6866 में घर से जिला न्यायालय जा रही थी। 11.45 बजे नेहरू चौक के सिग्नल में खड़ी थी। ग्रीन सिग्नल होने पर वह थोड़ा से आगे बढ़ी इसी दौरान जल्दी निकलने के फेर में कार के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए पीछे से एक्टीवा को टक्कर मारकर भाग गया। हादसे में उन्हें चोट आई और एक्टीवा क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 125 ए, 281 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### चावल उत्सव में बंटा खाद्यान्न

**बिलासपुर।** राशनकार्डधारियों में इन दिनों खासा उत्साह है। सरकार द्वारा अप्रैल से जून महीने तक तीन महीने का खाद्यान्न एक साथ वितरित किया जा रहा है। इस दौरान जिले में कई स्थानों पर चावल उत्सव का आयोजन भी किया जा रहा है। जिले में अब तक 17 हजार मीट्रिक टन चावल का वितरण किया जा चुका है। बीते वर्षों की तरह सरकार द्वारा इस साल भी राशन कार्डधारियों को अप्रैल से जून तक तीन महीने का चावल एक साथ वितरित किया जा रहा है। ऐसे में राशनकार्डधारियों में एक ओर जहां एकमुश्त तीन महीने का चावल प्राप्त करने की खुशी भी है, लेकिन राशन दुकानों में लगी लंबी लाईन एवं एक-एक हितग्राही के पीछे लगने वाले समय को लेकर उनमें असंतोष भी नजर आ रहा है। खाद्य विभाग के अनुसार हर महीने के लिए हितग्राहियों को केंद्र व राज्य सरकार की स्कीमों के चलते दो-दो बार थंब लगाना पड़ रहा है।

---

**यात्री हो गए हैं हलाकान** | **रेल लाइन के बजाय सड़क मार्ग का सफर हो जाता है दो घंटे में**

# रायपुर से बिलासपुर तक पहुंचने में लग रहे हैं पांच घंटे, कनेक्टिंग ट्रेन भी छूट रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



यात्री ट्रेनों की रफ्तार इतनी खराब हो चुकी है कि यात्रियों को रायपुर से बिलासपुर तक ट्रेन में सफर कर पहुंचने में पांच घंटे से अधिक का समय लग रहा है, जबकि रेल लाइन के बजाय सड़क मार्ग से लोग दो घंटे में दोनों शहरों की दूरी तय कर रहे हैं। ट्रेन की हालत खराब होने के कारण प्रतिदिन हजारों की संख्या में यात्री हलाकान हो रहे हैं।

हावड़ा से मुम्बई मेन लाइन पर बने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन में यात्री ट्रेनों की चाल काफी धीमी हो चुकी है। एक्सप्रेस और सुपरफास्ट जैसी ट्रेनें बैलगाड़ी की तरह रेल पटरी पर चल रही हैं। इसकी रफ्तार इतनी कम है कि दो स्टेशन के बीच दो घंटे के सफर को तय करने में पांच से छह घंटे लगाया जा रहा है। अब तक हावड़ा की ओर से बिलासपुर आकर मुम्बई की ओर जाने वाली ट्रेनों की हालत खराब थी। प्रतिदिन की तरह बिलासपुर सुबह पहुंचने वाली हावड़ा की ट्रेनें दोपहर और शाम रात के बाद स्टेशन तक आ रही हैं, जिसके कारण यात्री भी हलाकान हो रहे हैं। रेलवे के अनुसार बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच चौथी लाइन का काम किया जा रहा है, जिसमें अब तक 60 फीसदी से अधिक काम भी हो चुके हैं। इन सबके बावजूद ट्रेनों की रफ्तार में कोई सुधार नहीं हो पा रहा है। हावड़ा से झारसुगुड़ा तक ट्रेनों की रफ्तार तो ठीक रहती है, जिसमें झारसुगुड़ा से बिलासपुर तक ट्रेन को पहुंचने में घंटो समय लग जाते हैं। इसकी वजह से यात्रियों की कनेक्टिंग ट्रेनें रेलवे स्टेशन से रवाना हो जाती है। इस परिस्थिति से प्रतिदिन यात्री परेशान हैं, लेकिन इसका असर रेलवे को नहीं पड़ रहा है। आजाद हिंद, अहमदाबाद, हमसफर, दूरंतो, मेल सहित अन्य कई ट्रेनें हैं, जिनके बिलासपुर स्टेशन में पहुंचने का समय सुबह 7 बजे से 11 बजे तक रहता है।

इस ट्रेन में आने के बाद यात्री बिलासपुर और उसलापुर से जाने वाली नर्मदा, संपर्कक्रांति और दूसरी ट्रेनों में कटनी की ओर जाना चाहते हैं, लेकिन उनकी ट्रेन बिलासपुर आने से पहले कनेक्टिंग ट्रेन रवाना हो जा रही है। इसी तरह का हाल अब रायपुर से बिलासपुर का भी हो गया है। रायपुर से बिलासपुर और उसलापुर तक ट्रेन के पहुंचने का समय दो घंटे का रहता है। यह ट्रेन करीब पांच से 6 घंटे लेट पहुंच रही हैं।

### आजाद हिंद आने से पहले छूटी नर्मदा

मंगलवार को भी हावड़ा, रायगढ़ और अन्य स्टेशनों से बिलासपुर आकर कटनी की ओर जाने वाले यात्रियों का हाल बेहाल रहा। हावड़ा से पुणे के बीच चलने वाली आजाद हिंद के बिलासपुर पहुंचने का समय सुबह 9 बजे का था। इस ट्रेन के बिलासपुर स्टेशन पहुंचने के बाद कई यात्री बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस में शहडोल, कटनी की ओर जाने वाले थे, लेकिन ट्रेन ने सुबह 9 बजे के बजाय शाम 5 बजे के बाद बिलासपुर तक पहुंचने में समय लगा दिया। इसके अलावा अहमदाबाद एक्सप्रेस 7 घंटे, पुणे-संतरागाछी हमसफर एक्सप्रेस 11 घंटे, आरा-दुर्ग 6 घंटे विलंब से बिलासपुर स्टेशन तक पहुंची। वहीं एक दिन पहले दुर्ग से उसलापुर होकर भोपाल जाने वाली अमरकंटक एक्सप्रेस, रायपुर-कोरबा हसदेव एक्सप्रेस और सारनाथ एक्सप्रेस ने भी संबंधित स्टेशन तक पहुंचने में घंटों समय लगा दिया।

---

**सड़क के दोनों किनारों पर बड़ी संख्या में लगाए गए थे ठेले-गुमटी**

# सरकंडा बना अब नया जाम जोन, कब्जा हटाने सड़क पर उतरे कलेक्टर-एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अरपा पार सरकंडा का क्षेत्र अब नया जाम जोन बनता जा रहा है। एक समय ट्रैफिक के लिहाज से स्मूथ इस क्षेत्र में अब वाहनों की भीड़ हो गई है।

- **अशोक नगर चौक, चांटीडीह चौक, साइंस कालेज चौक, बहतराई चौक और बसंत विहार चौक में जाम लगना तय**

हाल यह है कि महामाया चौक से राजकिशोरनगर चौक तक 4 किमी की यात्रा तय करने में लोगों को करीब आधे घंटे से अधिक का समय लग रहा है। किसी चौक पर जाम लग गया तो तब तो स्थिति और खराब हो जाती है। खास तौर पर शाम को महामाया चौक, अशोक नगर चौक, चांटीडीह चौक, साइंस कालेज चौक, बहतराई चौक और बसंत विहार चौक में तो जाम लगना तय है।

मंगलवार की शाम कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह और निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे सड़क पर उतरे और व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान नूतन चौक से लेकर बहतराई मोड़ व राजकिशोर नगर चौक तक सड़क पर से अतिक्रमण हटाया। बसंत विहार चौक में एक ही दिन में करीब 30 ठेले-गुमटी सड़क से हटाए गए। इसी तरह नूतन चौक में सेंट्रल लाइब्रेरी के सामने ठेले गुमटी वालों को हटाने के साथ ही दुबारा नहीं लगाने की हिदायत दी गई। नूतन चौक स्थित सेंट्रल लाईब्रेरी के आसपास सड़क के दोनों ओर चाट-गुपचुप के ठेले, गन्ना रस की दुकानें, अस्थायी होटल सहित बड़ी संख्या में संचालित दुकानों को तत्काल प्रभाव से हटाया गया।



बहतराई चौक पर ट्रैफिक व्यवस्था का जायजा लेकर अधिकारियों से चर्चा करते कलेक्टर और एसपी।

### अशोक नगर चौक पर फंस रहे एंबुलेंस

अशोक नगर चौक में रोजाना जाम लग रहा है। मंगलवार शाम को यही हुआ। वाहनों की लंबी कतारों के बीच कार सवार लोग दूसरी और तीसरी लाइन बनाकर जाम करते रहे। वहीं,ऑटो और बाइक सवार भी जाम में जल्दी निकलने के चक्कर में घुस गए। वाहनों की कतार में एंबुलेंस के साथ ही पुलिस की गाड़ी भी फंस गई। पुलिसकर्मियों ने किसी तरह वापस दूसरे रास्ते में वाहन मोड़ लिया। लेकिन, जाम में एंबुलेंस फंसी रही। कड़ी मशक्कत के बीच करीब आधे घंटे बाद यातायात बहाल हुआ।

### महामाया चौक में तीनों दिशाओं से वाहन

सरकंडा महामाया चौक तिराहे पर तीनों दिशाओं से आने वाले वाहनों के 30-30 सेकेंड का पीक ऑवर यानि ड्यूरेशन टाइम सेट है। यातायात का दबाव मुख्य रूप से इंदिरा सेतु और सीपत चौक से आने वाले लोगों का अधिक रहता है। जबकि पुराना सरकंडा मार्ग से आने और सीपत चौक की ओर जाने वालों के लिए भी रेड सिग्नल बाध्यता है। यानि सीपत चौक की ओर जाने वालों को जब तक सिग्नल ग्रीन नही होता तक तक चौक पर खड़ा होना पड़ता है। यहां के लेफ्ट टर्न तो जैसे है ही नहीं। पिछले दिनों सीबीएसई बोर्ड परीक्षा के लिए जा रहे पैरेंट्स और स्टूडेंट जाम में फंस गए। परीक्षा छूटने तक की नौबत आ गई थी। कुछ लोगों ने दूसरे रास्तों को रोककर कोनी जाने वाले वाहनों को रवाना किया।

### व्यवस्थित किया जा रहा

शहर में ट्रैफिक जाम की लगातार शिकायतें मिलती रहती हैं। इसी को ध्यान में रखकर एसपी व नगर निगम कमिश्नर के साथ नूतन चौक सरकंडा से राजकिशोर नगर चौक तक शहर का निरीक्षण कर सड़क पर अस्थायी दुकानें लगाकर यातायात बाधित करने वालों को समझाइश देकर हटवाया गया है।

**-संजय अग्रवाल**
कलेक्टर

---

# वर्दी में पत्नी संग डांस आरक्षक लाइन अटैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



वर्दी में काला चश्मा पहने कर पत्नी संग हाय रानी, हेलो रानी गाने में डांस कर वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल करना मस्तूरी डीएसपी के आरक्षक ड्राइवर को महंगा पड़ा गया है। एसएसपी ने आरक्षक को लाइन अटैच कर दिया है।

सोशल मीडिया में सम्बलपुरी बेस्ट सांग हाय रानी, हेलो रानी धूम मचा रहा है। युवक- युवती उक्त सांग में वीडियो रील बनाकर सोशल मीडिया में जोरों से वायरल कर रहे हैं। मस्तूरी डीएसपी लाल चंद मोहल्ले के ड्राइवर मस्तूरी थाने का आरक्षक देवानंद कैवर्त ने भी वर्दी में काला चश्मा पहनकर अपनी पत्नी के साथ हाय रानी, हेलो रानी गाने पर डांस करने हुए वीडियो बनाया और उसे सोशल मीडिया में वायरल कर दिया।

उक्त वीडियो एसएसपी रजनेश सिंह के पास भी पहुंचा।

एसएसपी श्री सिंह ने आरक्षक देवानंद कैवर्त को लाइन अटैच कर दिया है। एसएसपी के मुताबिक आरक्षक का यह कृत्य पुलिस यूनिफार्म का दुरुपयोग कर अशोभनीय आचरण का परिचायक है और पुलिस विभाग के उत्कृष्ट मापदण्डो के प्रतिकूल है।

### सेना के चालक की बाइक चोरी, जुर्म दर्ज



**बिलासपुर।** जेल में मुलाकात करने आए सेना के चालक की बाइक चोरों ने चोरी कर ली। पुलिस चोरों को सुराग नहीं लगा पाई है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, गतौरा निवासी अजय कुमार खाण्डे भारतीय थल सेना 61 आर आर रेजिमेंट में चालक है और छुट्टी में अपने गांव आए है। 4 अप्रैल को वे केन्द्रीय जेल मुलाकात करने आए थे। उन्होने जेल के बाहर गेट के पास अपनी बाइक क्रमांक सीजी 12 एयू, 4117 को खड़ी की और जेल के अंदर चले गए। दोपहर 2.30 बजे मुलाकात करने के बाद बाहर निकले तो उनकी बाइक चोरी हो गई थी। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। 3 दिन में पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

---

# घर घुसे नकाबपोश ने महिला से चेन लूटने की कोशिश की

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बीती रात नकाबपोश फरसा लेकर घर में घुसा और महिला से सोने की चेन लूटने की कोशिश की। साहसी महिला ने उसे पकड़ लिया तो छीना झपटी करने लगा। इसी दौरान उसके हाथ से फरसा गिरने पर महिला के आंख में चोट आई। महिला बाल-बाल बच गई। पुलिस नकाबपोश का सुराग नहीं लगा पाई है।

बेलगहना चौकी पुलिस के अनुसार, आमागोहन निवासी कल्पना तिवारी पति राकेश तिवारी 60 साल ने रिपोर्ट लिखाई है कि वे अपने पति, बेटा सात्विक व नौकर सुखीराम यादव के साथ रहती है। 6 अप्रैल की सुबह 9 बजे उनके पति और बेटा बिलासपुर गए थे। रात 8 बजे आंगन में वे नौकर के साथ बैठी हुई थी।

इसी दौरान बाहर में गाड़ी का दरवाजा बंद होने की आवाज आई। वे अंदर जाकर डायनिंग रूम में काम करने लगी। घर के अंदर किसी के आने का आहट सुनाई दी तो वह दरवाजे के पास आई तो दीवार के

- **छीना झपटी में फरसा से आंख में आई चोट**



पीछे परछाई दिखाई दी। आवाज देने पर मुंह में रुमाल बांधे एक व्यक्ति आकर खड़ा हो गया उसके हाथ में फरसा था। नकाबपोश ने उनके मुंह में हाथ रखकर दूसरे हाथ से बाल पकड़ लिया।

महिला ने साहस का परिचय देते हुए नकाबपोश से भीड़ गई और हाथापाई करने लगी। उसके हाथ से फरसा गिर जाने से उनके बाए आंख के उपर चोट आई है। हाथापाई के दौरान नकाबपोश ने उनके गले से सोने की चेन लूटने के लिए खींचा, जिससे चेन टूटकर नीचे गिर गया। इसी दौरान धक्का देकर नकाबपोश भाग गया। महिला के मुताबिक हमलावर क्रीम कलर का रुमाल बांधा था और काई कलर का फूल शर्ट, क्रीम कलर का लोवर पहना हुआ था। पुलिस ने श्रीमती तिवारी की रिपोर्ट पर अज्ञात नकाबपोश के खिलाफ बीएनएस की धारा 331, 6 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### एएसपी पहुंची घटनास्थल

घर में घूसकर महिला से लूट की कोशिश की सूचना मिलते ही एडीशनल एसपी ग्रामीण मधुलिका सिंह घटनास्थल पहुंच गई। उन्होंने उनके मकान का मुआयना कर उनसे घटना की विस्तूत जानकारी ली। उन्होंने चौकी प्रभारी को शीघ्र नकाबपोश को पकड़ने का निर्देश दिया है।

---

# ट्रैक पर पत्थर रखकर ट्रेन गिराने की कोशिश नाकाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेल मंडल बिलासपुर के तहत बिलासपुर से कटनी सेक्शन के बीच किसी असामाजिक तत्वों ने रेलवे ट्रैक पर पत्थर रखकर ट्रेन को गिराने की कोशिश की, जिसकी सूचना पर आरपीएफ और संबंधित विभाग की टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर कोशिश को नाकाम कर दिया।

जानकारी के अनुसार बिलासपुर-कटनी सेक्शन के अंतर्गत अमलाई से बुढ़ार के बीच तीन लाइन बनी हुई है। इसमें दोपहर को दुर्ग-निजामुद्दीन संपर्कक्रांति, हमसफर, गरीब रथ, उत्कल सहित अन्य ट्रेनों का परिचालन होता है। प्रतिदिन की तरह मंगलवार की दोपहर 12536 रायपुर-लखनऊ गरीबरथ उसलापुर से कटनी की ओर रवाना की गई थी। इस दौरान अमलाई और बुढ़ार के बीच ट्रेन शाम को 17.20 बजे पहुंची, जिसके स्टापेज के बाद रवाना होने का समय 17.45 बजे निर्धारित था। इसी बीच ट्रेन मैनेजर को सूचना मिली अमलाई-बुढ़ार के बीच किलोमीटर 883/27-30 के अप लाइन पर रेलवे ट्रैक में किसी ने ट्रेन को दुर्घटना करने के लिए बैलास्ट के टुकड़े रख दिए हैं। सूचना मिलते ही ट्रेन मैनेजर ने तत्काल ट्रेन को नियंत्रित कर दिया। इसके उपरांत अमलाई पीडब्लूआई और आरपीएफ स्टाफ को सूचित किया गया।

जानकारी लगते ही ड्यूटी पर मौजूद टीए और इंजीनियरिंग स्टाफ ने मौके पर पहुंचकर तत्काल रेलवे ट्रैक पर पड़े बैलास्ट को हटाकर शाम 17.43 बजे ट्रेन रवाना करने ग्रीन सिग्नल दिया। इस संबंध में रेल अफसरों ने बताया कि किसी ने बदमाशी करने के लिए बैलास्ट को रेलवे ट्रैक पर रख दिया होगा। इसमें किसी तरह की कोई भी ट्रेन दुर्घटना नहीं हुई है।

### 8.85 करोड़ की लागत से हो रहा बिल्हा स्टेशन का काम

**बिलासपुर।** बिल्हा रेलवे स्टेशन का विकास अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 8.85 करोड़ रुपए से करने का कार्य शुरु कर दिया है। इसके साथ ही दाधापारा से चौथी लाइन का काम भी किया जा रहा है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे अंतर्गत बिल्हा रेलवे स्टेशन रायपुर डिवीजन में शामिल किया गया है। पिछले वित्तीय वर्ष में घोषणा के बाद बिलासपुर सहित करीब 49 से अधिक छोटे-बड़े रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल कर पुर्नविकास करने का काम हो रहा है।

---


हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152


# चार लोगों पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला, दो नाबालिग सहित 6 गिरफ्तार

**बिलासपुर।** शादी के बाद पड़ोसियों ने मामूली विवाद में चार लोगों पर टंगिया, हंसिया से जान लेवा हमला कर दिया था। पुलिस ने दो नाबालिग सहित 6 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। सकरी क्षेत्र के ग्राम पेण्डारी निवासी आरती बघेल पति परमानंद बघेल ने बताया। उनके घर में देवर के बेटे की शादी थी। रविवार को शादी का पार्टी हुआ था।

सोमवार को घरवाले आराम कर रहे थे। शाम को उनके पति परमानंद



बघेल, हंसराज, जितेन्द्र, उषा बघेल के साथ पड़ोसियों ने विवाद कर जमकर मारपीट करते हुए टंगिया, हंसिया से हमला कर दिया है। शोर शराबे की आवाज सुनकर वे घर से बाहर निकली तो चारों खूने से लथपथ बेहोश पड़े हुए थे। चारों को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया था। पुलिस ने राजा बघेल की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 109, 1, 191, 2, 191, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर हमलावर अर्जुन कुमार बघेल पिता पीरिथराम बघेल 42 साल, लक्ष्मण बघेल 48 साल, दिलीप बघेल 46 साल, सुमित्रा बघ्ज्रेल पति लक्ष्मण बघेल 40 साल व दो नाबालिग को गिरफ्तार कर लिया है।

### एआई आधारित वैगन डैमेज डिटेक्शन सिस्टम की स्थापना

**बिलासपुर।** रेल परिचालन को और अधिक संरक्षित, कुशल एवं तकनीक आधारित बनाने की दिशा में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा निरंतर आधुनिक तकनीकों को अपनाया जा रहा है। इसी क्रम में भिलाई स्थित पीपी यार्ड में एआई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित वैगन डैमेज डिटेक्शन सिस्टम की सफलतापूर्वक स्थापना एवं कमीशनिंग की गई है। इस अत्याधुनिक प्रणाली का उद्देश्य यार्ड परीक्षण के लिए आने वाली मालगाड़ियों के वैगनों में होने वाली भौतिक क्षतियों की शीघ्र एवं सटीक पहचान करना है, जिससे मरम्मत कार्य को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।


online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
04 मई, 07 मई, 11 मई, 16 मई,
25 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411